

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 237

ग्वालियर, बुधवार, 20 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## खास खबर

### कांग्रेस ने पूछा, भगवा कपड़े पहनाकर कर्नाटक पुलिस क्या साबित करना चाहती हैं

**बेंगलुरु)।** कर्नाटक में कुछ पुलिसकर्मियों की फोटो जिसमें सभी भगवा रंग के कपड़े पहने दिख रहे हैं, ने सियासी भूचाल ला दिया है।फोटो को लेकर कांग्रेस ने पुलिस पर सवाल उठाया हैं।कांग्रेस के प्रदेश अध्?यक्ष डीके शिवकुमार ने फोटो को सोशल मीडिया में शेयर करते हुए पूछा है कि इसतरह कपड़े पहन कर पुलिस क?या मिसाल कायम करना चाहती है? इस मामले को लेकर प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ने भी इस पर सवाल उठाए हैं।तस्?वीर में महिला पुलिसकर्मियों ने भगवा रंग की साड़ी पहनी हुई है,तब पुरुषों ने भगवा रंग का कुर्ता पहना हुआ है।तस्?वीर को कांग्रेस के प्रदेश अध्?यक्ष डीके शिवकुमार ने शेयर किया है।प्रदेश में विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधकर आरोप लगाया है कि वह राष्?ट्रीय स्?वयंसेवक संघ आरएसएस के प्रभाव को पुलिस में डालने और पुलिस का भगवाकरण कर रही है।शिवकुमार ने अपने ट्विटर अकाउंट से शेयर तस्?वीर करते हुए कहा है कि ये तस्?वीरें विजयपुरा और उडुपी पुलिस की हैं, इसमें पुलिसकर्मियों ने भगवा रंग के कपड़े पहने हुए हैं।

### शहदत में प्रवासी मजदूर, हजारों से छोड़ी घाटी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दिनों से हो रहे आम नागरिकों पर हमले के बाद हजारों प्रवासी नागरिक घाटी छोड़ चुके हैं।वहीं हजारों को सेना, पुलिस इत्यादि ने सुरक्षित कैंपों में शरण दी है। कश्मीर में तकरीबन साढ़े तीन लाख प्रवासी नागरिक हैं। इनमें से कई पिछले 10 से 15 सालों से रह रहे हैं। आम नागरिकों की हत्याओं से जम्मूकश्मीर में उद्योगों पर भी प्रभाव नजर आने लगा है। प्रवासी मजदूरों का कहा है कि उन्हें जान का खतरा है, स्थिति ऐसी है कि उनके पास कोई जमापूंजी भी नहीं है। कुछ ने आरोप लगाया कि जिस ईंट के भट्टे में वे लोग काम करते थे वहां के मालिक ने उनका बकाया पैसा भी नहीं दिया,पैसों के बिना ही वे लोग घर लौटने को मजबूर हैं।

### लखबीर हत्याकांड के उच्चस्तरीय जांच करने के आदेश

**चंडीगढ।** पंजाब के डिप्टी सी.एम. सुखजिंद्र रंधावा ने सिंघु बॉर्डर पर निहंगों द्वारा कत्ल किए गए युवक लखबीर सिंह के मामले की उच्चस्तरीय जांच करने के आदेश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री रंधावा ने युवक की हत्या को एक गहरी साजिश करार दिया है।उन्होंने घटना में कत्ल किए गए युवक लखबीर को किडनैप करके ले जाने का भी अंदेशा जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि लखबीर हत्याकांड के हर पहलू की जांच पंजाब पुलिस करेगी। उन्होंने कहा कि वह मामले में निहंग संगठनों के साथ भी बैठक करने वाले है। बता दें कि शुक्रवार को सिंघु बॉर्डर के पास निहंग जत्थेबंदी बाबा बलविंदर सिंह मोइयां की मंडीवाला (मुख्य स्थान श्री फतेहगढ़ साहिब) के टेंट से भागे युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी।उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करके पुलिस बैरिकेड्स से लटका दिया गया था। वायरल वीडियो के मुताबिक कुछ निहंग सिंहों द्वारा हत्या की जिम्मेदारी ली गई है। कुंडली थाना पुलिस ने धारा 302 और 34 के तहत मामला दर्ज किया है। इस दौरान निहंग जत्थेबंदी के सदस्य सर्बजीत सिंह ने भी पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है और युवक की नृशंस हत्या की जिम्मेदारी ली थी।

### 7 से 9 साल के चार नाबालिग बच्चों पर मतदान केंद्र को लूटने का आरोप

**पटना।** बिहार के बेगूसराय में पुलिस ने जिला पंचायत चुनाव के दौरान मतदान केंद्र को लूटने के आरोप में चार नाबलिगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चारों नाबालिग को बेगूसराय की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अदालत में पेश किया गया।सभी बेगूसराय जिले के सदर प्रखंड के राजौरा ग्राम पंचायत के रहने वाले बताए जा रहे हैं। चारों की उम्र 7 से 9 साल के बीच है।उन पर बूथ लूटने, लोगों को खास उम्मीदवार को वोट देने की धमकी देने और राजौरा पंचायत के ग्रामीणों पर शारीरिक हमला करने का आरोप है। चारों के परिवारों ने दावा किया कि कुछ अधिकारियों ने जानबूझकर उनके बच्चों को उनके दुश्मनों की मदद करने के लिए एक मतदान केंद्र लूटने के लिए मामला दर्ज किया है।बच्चों में से एक के पिता ने कहा,हमारे पड़ोसियों के साथ हमारा विवाद है, जिन्होंने पुलिस के अधिकारियों को मेरे बेटे पर मामला दर्ज करने के लिए जोर दिया। वे हमारे बच्चों के भविष्य को बर्बाद करना चाहते हैं। इसलिए, उन्होंने पुलिस अधिकारियों का इस्तेमाल करके हमारे खिलाफ साजिश रची है। पुलिस के आला अधिकारियों ने बताया, पुलिस अधिकारियों ने नाबालिगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मामला हमारे संज्ञान में आने पर हमने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को इस मामले की जांच करने का निर्देश दिए हैं।

# खंडवा और जोबट सीट पर आदिवासी तय करेंगे जीत

### आदिवासियों को लुभाने के लिए भाजपा-कांग्रेस ने लगाई वादों की झड़ी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की चार सीटों पर होने वाले उपचुनाव में जैसे-जैसे वोटिंग की तारीख नजदीक आती जा रही है। वैसे-वैसे राजनीतिक दलों का प्रचार तेज होता जा रहा है। प्रदेश की सियासत में आदिवासी वोट बैंक सबसे अहम माना जाता है। खास बात यह है कि चार सीटों पर हो रहे उपचुनाव में खंडवा लोकसभा सीट और जोबट विधानसभा सीट पर आदिवासी वोट बैंक की अहम भूमिका है। लिहाजा भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल आदिवासियों को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। शिवराज सरकार ने जहां आदिवासियों के लिए कई लोकलुभावन वादे कर दिए हैं तो कांग्रेस कमलनाथ सरकार के दौरान किए गए कामों को लेकर मैदान में है। ऐसे में दोनों सीटों पर अब मुकाबला दिलचस्प होता नजर आ रहा है। दरअसल, मध्यप्रदेश में आदिवासी समुदाय का सरकार बनाने और गिराने में अहम योगदान रहता है, क्योंकि प्रदेश की 48 विधानसभा सीटें इसी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। जोबट विधानसभा सीट तो आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित है ही, जबकि खंडवा लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा सीटें आती हैं। जिनमें से 3 विधानसभा क्षेत्रों में आदिवासी वोटर निर्णायक भूमिका में है। ऐसे में दोनों पार्टियों की नजर इस वर्ग के वोटर पर है क्योंकि जिस पार्टी के पक्ष में आदिवासी वर्ग ने वोट किया उसकी जीत के चांस बढ़ जाएगे। यही वजह है कि भाजपा और कांग्रेस इस वोट बैंक को साधने में जुटी हुई हैं।



**भाजपा की रणनीतिः** बात अगर भाजपा की जाए तो भाजपा जानती है कि खंडवा और जोबट का रण जीतना है तो आदिवासियों को साधना होगा। भाजपा नेता नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि पिछले दिनों गृहमंत्री अमित शाह जबलपुर पहुंचे थे और उन्होंने जनजातीय नायक शंकर शाह और रघुनाथ शाह की 164 वी सालगिरह के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इससे पहले शिवराज सरकार ने दमोह में आयोजित जनजातीय सम्मेलन में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को आमंत्रित किया था। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में शंकर शाह रघुनाथ शाह पर केंद्रित संग्रहालय बनाने की घोषणा कर चुके है।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले : व्यापार को बढ़ावा देने भारतीय समुद्री क्षेत्र में शांति, स्थिरता कायम हो

**नई दिल्ली।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने व्यापार और अन्य आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय समुद्री क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने पर बल देते हुए कहा कि इसक ज्यादा जरूरत है। सिंह ने नौसेना कमांडरों के सम्मेलन के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि भारत हिंद महासागर क्षेत्र को 'नियम-कायदे पर आधारित नौवहन की स्वतंत्रता' और 'मुक्त व्यापार' जैसे सार्वभौमिक मूल्यों के साथ देखता है जिसमें सभी भागीदार देशों के हितों की रक्षा हो। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य आक्रामकता को लेकर वैश्विक चिंताएं बढ़ रही हैं। पिछले महीने भारतीय नौसेना के पनडुब्बी रोधी युद्धक कोर्वेट आईएनएस किलतान ने दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया के युद्धपोत ऐनजैक के साथ सैन्य अभ्यास किया था, जहां चीनी सेना की दखलअंदाजी बढ़ रही है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, 'दुनिया भर में तेजी से बदलते आर्थिक और राजनीतिक संबंधों का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा कि ये आर्थिक हित संबंधों में कुछ तनाव पैदा करते हैं।' मंत्रालय के बयान के अनुसार, 'इसलिए व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय समुद्री क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने की अधिक आवश्यकता है।' सिंह ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने में भारतीय नौसेना की भूमिका आने वाले समय में कई गुना बढ़ने वाली है। चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है। दक्षिण चीन सागर हाइड्रोकार्बन का एक बड़ा स्रोत है। हालांकि, वियतनाम, फिलीपीन और ब्रूनेई सहित दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन (आसियान) के कई सदस्य देश भी क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार सिंह ने कहा कि भारत एक जिम्मेदार समुद्री हितधारक के रूप में सर्वसम्मति वाले सिद्धांतों और शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, नियम आधारित और स्थिर विश्व व्यवस्था का समर्थन करता है। बयान में कहा गया है कि सिंह ने इस बात पर खुशी जताई कि पिछले पांच वित्तीय वर्षों में नौसेना के आधुनिकीकरण बजट का दो-तिहाई से ज्यादा हिस्सा स्वदेशी खरीद पर खर्च किया गया है।



## स्वच्छता स्वभावगत और संस्कारगत होना चाहिएः कृषि मंत्री तोमर

**नई दिल्ली।** स्वच्छता अभियान के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कृषि भवन का निरीक्षण किया और यहां स्थित सभी मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ एक बैठक में साफ-सफाई एवं विभिन्न कार्यालयों के लंबित मामलों के निपटारे की समीक्षा की गई। मंत्री तोमर ने कहा कि स्वच्छता स्वभावगत और संस्कारगत होना चाहिए और हमारे स्वभाव में रचना-बसना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता के लिए देशव्यापी अलख जगाई है, जिसके सद्परिणाम भी सामने आए हैं और व्यापक रूप से जागरूकता का प्रसार हुआ है। समीक्षा बैठक में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी व कृषि सचिव संजय अग्रवाल सहित कृषि, ग्रामीण विकास, उपभोक्ता मामलों व खाद्य वितरण, सहकारिता, पशुपालन तथा अन्य मंत्रालय/विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री तोमर ने कहा कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जो अपेक्षा हम जनता से करते हैं, उसका पालन सभी भवनों व कार्यालय परिसरों में भी किया जाना चाहिए। स्वच्छता के महत्व के प्रति सभी को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। तोमर ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यालयों से संबधित लोक शिकायतों, संसदीय विषयों तथा अन्य लंबित मामलों का शीघ्रातिशीघ्र निराकरण किया जाएं। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि कृषि भवन में साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत पुरानी अनुपयोगी फाइलों का निष्पादन किया गया है व यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। तथा भवन के भीतर और बाहर निरंतर स्वच्छता बनाए रखने के लिए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गत दो अक्टूबर से प्रारंभ विशेष अभियान के तहत अभी तक 4 ट्रक स्कैप व अन्य सामग्री कृषि भवन से बाहर भिजवाई गई है।



### केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आईसीआईसीआई आरएसईटीआई, जोधपुर का दौरा किया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने जोधपुर स्थित आईसीआईसीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) का दौरा किया। केन्द्रीय मंत्री के इस दौरे के दौरान उन्हें आरएसईटीआई में अब तक की समग्र प्रगति और वर्तमान में चल रही परियोजनाओं के बारे में संस्थान के आंतरिक दल द्वारा जानकारी दी गई। संस्थान द्वारा अब तक किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए।

### एनआईआई के खाते में सेंधमारी करने के आरोप में एचडीएफसी बैंक के तीन कर्मचारियों सहित 12 लोगों गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कहा कि उन्होंने एचडीएफसी बैंक के तीन कर्मचारियों सहित 12 लोगों को बैंक के एक अधिक जमापूंजी वाले एनआरआई ग्राहक के खाते से अनधिकृत निकासी करने का प्रयास करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से हैकिंग का इस्तेमाल कर एनआरआई ग्राहक की धोखाधड़ी से प्राप्त चेक बुक का उपयोग करके पैसे निकालने का प्रयास किया। पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) के. पी. एस.मल्होत्रा ने कहा, ÷आरोपी ने केवाईसी में पंजीकृत खाताधारक के यूएसए के मोबाइल नंबर के समान एक भारतीय मोबाइल फोन नंबर हासिल किया। एचडीएफसी बैंक ने स्पेशल सेल की साइबर क्राइम यूनिट में शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि एक एनआरआई बैंक खाते में कई अनधिकृत इंटरनेट बैंकिंग प्रयास दिखाई दिए हैं।



### दिल्ली एम्स मे रामायण पात्रो का मजाक उडाने वालो पर होगी कार्यवाहीः गृहमंत्री

**भोपाल।** दशहरे के दिन दिल्ली एम्स में रामलीला का मंचन कर भगवान राम सीता और अन्य पात्रों का मजाक उड़ाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। वहीं मामले की गंभीरता को लेकर गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा है, मामले की जॉच के निर्देश दिये गये है, ओर जॉच के बाद जल्द ही दिल्ली एम्स में रामायण के पात्रों का मजाक उड़ाने छात्रों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही उन्होने यह भी कहा कि हिंदू धर्म के खिलाफ ही ऐसे वाक्ये क्यों आते हैं, किसी और धर्म के खिलाफ कोई कुछ नहीं बोलता। गोरतलब है कि हिंदूवादी संगठनो द्वारा चारो और एम्स के छात्रों की इस करतूत का विरोध किया जा रहा हैं।



## घोटाले सामने आ रहे हैं, इसलिए लोकायुक्त से घबरा रही कांग्रेसः विष्णुदत्त शर्मा




### मूंदी की पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा-15 महीनों में कांग्रेस ने सिर्फ भ्रष्टाचार किया

**खंडवा।** प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि अब कांग्रेस के घोटाले उजागर हो रहे हैं, इसलिए कमलनाथ को लोकायुक्त से घबराहट हो रही है। वे लोकायुक्त को नकली बता रहे हैं। इससे जाहिर है कि उनके मन में डर है कि कहीं अब उनकी बारी न आ जाए। कांग्रेस ने 15 माह मध्यप्रदेश में कुछ विकास के कार्य तो किए नहीं, सिर्फ तबादला कारोबार चलाया और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। प्रदेश अध्यक्ष खंडवा लोकसभा के मूंदी में पत्रकारवार्ता को सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

**भाजपा चुनाव को हल्के में नहीं लेतीः** प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा चुनाव हो या उपचुनाव उसे हल्के में नहीं लेती हैं। हमारा पूरा संगठन चुनावी रणनीति में शामिल होता है। भाजपा बूथ से लेकर संगठन की मजबूती को लेकर काम करती है। हम बूथ को मजबूत करने के साथ आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता चुनावी में प्रत्याशी होता है और उस भावना के साथ वह चुनाव में कार्य करता है। भाजपा खंडवा लोकसभा चुनाव को भी हर बूथ पर जीतेगी।

**कांग्रेस का दोहरा चरित्र सामने आयाः** प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का दोहरा चरित्र प्रदेश की जनता के सामने आ गया है। ये बोलते कुछ हैं और करते कुछ हैं। इन्होंने 2018 के विधानसभा चुनाव में किसानों से कर्जमाफी का वादा किया था, लेकिन आज तक उनकी कर्जमाफी नहीं हो सकी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जब प्रदेश में कोरोना महामारी पैर पसार रही थी, तब ये इंदौर में आईफा अवार्ड की तैयारी में थे। इनके पास आईफा अवार्ड के लिए पैसा था, लेकिन उस समय यदि कोरोना महामारी पर काम करते तो यह भयावह स्थिति मध्यप्रदेश में नहीं होती। वह तो प्रदेश से इनकी सरकार चली गई और तभी शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री का दायित्व संभाला। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सबसे पहले उन्होंने कोरोना को लेकर बैठक बुलाई और उसके बाद स्थिति नियंत्रण में आई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लखनउ में जब पत्रकारों ने प्रियंका गांधी से उज्जैन के कांग्रेस विधायक के बेटे को लेकर प्रश्न किया तो वे टाल गई। यही इनका चरित्र है। कमलनाथ अपने प्रत्याशी का नाम ही भूल जाते हैं तो दिग्विजय सिंह अब तक गायब हैं।

**भाजपा का नारा सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास हैः** प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज यदि किसी गरीब के घर में कोई बीमार हो जाए तो उसे चिंता नहीं होती है। प्रधानमंत्री ने गरीबों के लिए 5 लाख रूपए तक का इलाज आयुष्मान कार्ड के जरिए करने की व्यवस्था की है। भाजपा सरकार ने गरीबों के हितों के लिए कई योजनाएं बनाई हैं और इन योजनाओ से गरीबों का जीवन स्तर सुधर गया है। भाजपा का तो नारा ही है सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास।


SOMYA GROUP

सौम्या प्रोपर्टीज

ग्वालियर शहर में बिना ब्याज के आसान मासिक किस्तों पर आज ही अपने सपनों का घर बनाने के लिये प्लॉट बुक करें।

प्लॉट उपलब्ध है

पिंटो पार्क, ग्वालियर
भिण्ड रोड़,
ग्वालियर मुरैना रोड
बड़ागाँव
खुरैरी रोड़, एयरपोर्ट
शनिचरा रोड़

सेना के जवानों के लिये विशेष छूट

बेटी के नाम पर बुकिंग करने पर आकर्षक उपहार 10% की छूट

छोटे उद्योग व प्राईवेट जॉब वालो के प्रथम आवास की व्यवस्था

हेतु बिना ब्याज के आसान मासिक किस्तो पर आवास उपलब्ध है

9713253992
6269453267

जी.एस. प्लाजा, सूर्य मंदिर रोड, गोले का मंदिर, ग्वालियर

## वन-टू-वन

### रणवीर के स्टाइल में नजर आये कपिल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव एक विज्ञापन में बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह के फैशन स्टाइल में नजर आये हैं। कपिल को क्रिकेट की पिच पर अपने बालों को झुलाते हुए दिखाने वाला एक नया विज्ञापन प्रशंसकों के बीच खास हिट हो रहा है। इस विज्ञापन में कपिल रणवीर की तरह फैशन में नजर आ रहे हैं। इसमें वह भड़कीले गुलाबी रंग की क्रिकेट जर्सी से लेकर अजीबोगरीब पोशाक, विचित्र धूप के चश्मे तक लगाये हैं। इसको देखकर ऐसा लगता है जैसे की कपिल अपने अंदर के रणवीर को दिखा रहे हैं। वह क्रिकेट पिच पर भड़कीले कपड़ों में नजर आ रहे हैं। इस विज्ञापन को प्रशंसकों ने भी खूब पसंद किया है और इस पर मीम्स भी बनाये हैं। प्रशंसकों का कहना है कि जिस तरह रणवीर कपिल देव के रूप में जम रहे हैं, उसी तरह कपिल भी रणवीर की तरह काफी स्टाइलिश नजर आ रहे हैं। ऐसे में कपिल को ही रणवीर की बायोपिक करनी चाहिए। इस विज्ञापन को देखकर माना जा रहा है कि जिस तरह से रणवीर ने फिल्म 83 में उनका किरदार निभाया है, ठीक उसी तरह इस विज्ञापन में कपिल रणवीर की भूमिका निभाते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म 83 विश्वकप पर बनी है। इसमें दिखाया गया है कि कैसी भारतीय टीम एकजुट होकर यह खिताब जीतती है। इसे कबीर खान ने लिखा और डायरेक्ट किया है। यह फिल्म कपिल और भारतीय क्रिकेट टीम के संघर्ष और रोमांचक जीत पर आधारित है, इस फिल्म में रणवीर कपिल के अंदाज में नजर आ रहे हैं।

### टीम संयोजन ओर अंतिम ग्यारह का चयन बना विराट के लिए चुनौती

**दुबई।** टी20 विश्वकप में पाकिस्तान से होने वाले शुरुआत मैच से पहले भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली के लिए टीम संयोजन एक समस्या बनता जा रहा है। इसका कारण यह है कि पारी शुरु करने से लेकर आगे तक टीम के पास कई विकल्प है। ऐसे में विराट की दुविधा बढ़ती जा रही है। इंग्लैंड के साथ अभ्यास मैच में युवा ईशान किशन ने आक्रामक पारी खेलकर अपना दावा पेश किया है। इससे विराट के लिए अंतिम ग्यारह का चयन और कठिन हो गया है। इन हालातों में माना जा रहा है कि टीम मेंटर महेन्द्र सिंह धोनी ही विराट की सहायता कर सकते हैं। युवा सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले ही अभ्यास मैच में 46 गेंदों पर 70 रनों की आक्रामक पारी खेल कर अंतिम ग्यारह के लिए अपनी दावेदारी पेश की है पर विराट सलामी बल्लेबाज के तौर पर रोहित शर्मा के साथ लोकेश राहुल को ही उतारना चाहते हैं। ऐसे में धोनी की सलाह के बाद ईशान को किसी और स्थान पर उतारा जा सकता है। वहीं ऑलराउंडर का चयन भी कप्तान के लिए एक समस्या बनता जा रहा है। अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को एक ऑलराउंडर के तौर पर टीम में रखा जाएगा या फिर एक बल्लेबाज़ के तौर पर इसको लेकर वह संशय में हैं। इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच के बाद लगने लगा है कि हार्दिक गेंदबाज़ी नहीं करेंगे। सर्जरी के बाद से ही हार्दिक ने काफी कम गेंदबाजी की है। इसके अलावा अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के फार्म को लेकर भी विराट की चिन्ता बढ़ गयी है। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही विराट ने कह दिया है कि भुवनेश्वर का अनुभव उन्हें काम आएगा पर इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में भूवी लय हासि नहीं कर पाये ओर उन्होंने 4 ओवरों में ही 50 से ज्यादा रन दे दिये। इससे पहले आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन सामान्य रहा था। किए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला. ऐसे में उनके प्लेइंग इलेवन में शामिल किए जाने को लेकर सस्पेंस बरकरार है.

### जीप इंडिया ने ईंधन आपूर्ति खामी दूर करने के लिए जीप रैंगलर की 39 इकाइयां वापस बुलाई

**नई दिल्ली।** देश की मशहूर वाहन विनिर्माता जीप इंडिया ने मंगलवार को कहा कि वह ईंधन आपूर्ति लाइन कनेक्टर का निरीक्षण करने और उसे बदलने के लिए जीप रैंगलर की पूरी तरह से आयातित 39 इकाइयां को बाजार वापस ले रही है। कंपनी ने कहा कि वह 24 जनवरी, 2020 और 17 मार्च, 2020 के बीच निर्मित एसयूवी इकाइयों को वापस ले रही है। जीप इंडिया ने एक बयान में कहा कि नियमित वाहन निरीक्षण प्रक्रिया के तहत गुणवत्ता नियंत्रण से ईंधन आपूर्ति लाइन कनेक्टर को बदलने की जरूरत का पता चला, जिसके टूटने की आशंका है। इस वजह से ईंधन लाइनों से रिसाव हो सकता है, जिससे आग लगने का खतरा हो सकता है। इसमें कहा गया है कि सुरक्षा उपाय के तहत 39 जीप रैंगलर इकाइयों को स्वेच्छा से वापस लिया जाएगा ताकि वाहन यात्रियों और उन लोगों के लिए किसी भी जोखिम को समाप्त किया जा सके जो किसी भी समय वाहन के करीब हों। कंपनी ने कहा कि स्थानीय रूप से असेंबल की गयी जीप रैंगलर इस घटनाक्रम से अप्रभावित है। 39 इकाइयां एक नवंबर से वापस ली जाएंगी।

### सोने, चांदी में तेजी जारी

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में त्यौहारी सीजन शुरु होते ही सोने , चांदी की कीमतों में तेजी जारी है। दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में 256 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई। इससे पहले 99.9 ग्राम शुद्धता वाले सोने का भाव 46,580 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचकर बंद हुआ। वहीं, अंतरराष्?ट्रीय बाजार में भी आज सोने की कीमतों में उछाल दर्ज किया गया और ये 1,782 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। दूसरी ओर चांदी के दाम में भी आज बढ़त दर्ज की गयी। दिल?ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत में केवल 188 रुपये की तेजी आई और यह 62,328 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई जबकि अंतरराष्?ट्रीय बाजार में चांदी के दाम में अधिक बदलाव नहीं हुआ और ये 23.72 डॉलर प्रति औंस पर ही बने हुए हैं।

# भारत में घरेलू क्रिकेट खेलने वालों से भी कम मिलते हैं पाकिस्तानी क्रिकेटरों को पैसे



**नई दिल्ली।** क्रिकेट के रोमांच टी-20 विश्वकप को एक हफ्ता भी नहीं बचा है। भारत और पाकिस्तान के बीच 24 अक्टूबर को मुकाबला होना है। करीब 28 महीने के बाद दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। आखिरी बार दोनों टीमों की टक्कर 2019 के वर्ल्ड कप में हुई थी। ये वो मुकाबला है जिस पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी रहेंगी। आईसीसी को भी इस मैच से छप्पर फाड़ कर कमाई होती है। मैदान पर स्पॉन्सर से लेकर टीवी के विज्ञापन की कीमत, सौ गुना से ज्यादा बढ़ जाती है। लिहाज़ा इस बड़े मंच पर खिलाड़ियों पर भी अच्छे प्रदर्शन का दबाव रहता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक मैच खेलने के लिए भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों को कितने पैसे मिलते हैं। ये वो आंकड़े हैं जिसे जान कर आपको पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर तरस आ जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस वक्त सबसे बुरे दौर से गुज़र रहा है। करीब 12 साल बाद बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजन की उम्मीदें जगी थी। लेकिन आतंकी हमले के डर से न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। लिहाजा आर्थिक मोर्चे पर खिलाड़ियों का हाल खस्ता है। हालत ये है कि पाकिस्तानी क्रिकेटरों को अपने क्रिकेट बोर्ड से पैसे बढ़ाने के लिए बार-बार मांग कर रहे हैं। लंबी प्रतीक्षा के बाद इस साल जुलाई में पाकिस्तानी खिलाड़ियों की सैलरी थोड़ी बहुत बढ़ाई गई। लेकिन वो अब भी श्रीलंका और बांग्लादेश के आस-पास ही है। भारत की तरह पाकिस्तान में भी खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिया जाता है। यहां ए ग्रेड में आने वाले खिलाड़ियों को हर साल एक करोड़ 20 लाख रुपए दिए जाते हैं। यानी भारतीय करेंसी में उन्हें करीब 52 लाख रुपए मिलते हैं। जबकि भारत में ए ग्रेड खिलाड़ियों को हर साल 7 करोड़ रुपए दिए जाते हैं। पाकिस्तान में अलग-अलग ग्रेड के हिसाब से खिलाड़ियों को मैच फीस दी जाती है। टेस्ट मैच के लिए 3.5 लाख रुपए। वनडे में 2.2 लाख रुपए और टी-20 खेलने के सिर्फ 1 लाख 60 हज़ार रुपए मिलते हैं। अगर कोई 'सी' ग्रेड में है तो उसे और भी कम पैसे मिलेंगे। अगर हिसाब लगाया जाए तो भारत में घरेलू क्रिकेट खेलने वालों को भी इससे ज्यादा पैसे मिलते हैं।

### श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका का हवाई कैच देख अचंभित हो गए खेलप्रेमी

**दुबई।** श्रीलंका और नामीबिया के बीच क्रिकेट का मुकाबले में श्रीलंका को 7 विकेट से शानदार विजयश्री मिल गई। लेकिन श्रीलंका की जीत से ज्यादा चर्चा कप्तान दासुन शनाका के एक कैच की हो रही है। एक ऐसा कैच जिसे देख कर आप हैरान रह जाएंगे। करीब 33 सकेंड का ये वीडियो आपको जोश से भर देगा। खेल के 19वें ओवर में गेंदबाज़ी के मोर्चे पर चमीरा थे। और बैटिंग क्रीज़ पर मौजूद थे नामीबिया के ट्रंपेलमैन। चीमारा के गेंद की गति को ट्रंपेलमैन ठीक से समझ नहीं पाए। लिहाज़ा उन्होंने मिड-ऑफ की दिशा में गेंद को खेल दिया। इसके बाद जो हुआ वो आपको जोश से भर देगा। वीडियो फ्रेम में दासुन शनाका कहीं नहीं दिख रहे थे। लेकिन एक्सट्रा कवर पर खड़े शनाका ले हवा में लहराते हुए छलांग लगाई। और फिर एक हाथ से ही उन्होंने कैच पकड़ लिया। कैच लेने के बाद भी वो दूर तक फिसलते रहे। आखिरकार ट्रंपेलमैन को आउट होना पड़ा। इस कैच को देख कर हर कोई हैरान रह गया। यहां तक कि नामीबिया से सपोर्ट स्टाफ को भी यकीन नहीं हो रहा था कि इस कैच को ले लिया गया है। लेकिन क्रिकेट का असली रोमांच यही है। आप जितनी बार भी इस कैच को दिखेंगे।

### आईसीसी टूर्नामेंट होने के कारण पाकिस्तान से खेलने से इंकार नहीं कर सकतेः राजीव शुक्ला

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि आईसीसी टूर्नामेंट होने के कारण टी20 विश्व कप 2021 में पाकिस्तान से खेलने से मना नहीं किया जा सकता। शुक्ला ने कहा कि नियमों के अनुसार कोई भी टीम आईसीसी द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में दूसरी टीम से खेलने से इंकार नहीं कर सकती है। इससे पहले कई लोगों का कहना था कि कश्मीर घाटी में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाक के साथ कोई संबंध नहीं रखे जाने चाहिये और ऐसे में बीसीसीआई को आईसीसी से बात कर इस मैच को खेलने से इंकार कर देना चाहिय। इसपर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शुक्ला ने कहा है कि जहां आतंकी संगठनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, वहीं पाक के खिलाफ मैच भी खेला जाना चाहिए।

# रोहित शर्मा के वीडियो पर डेविड वॉर्नर बोले- आप मेरे टिक टॉक स्टाइल को कॉपी कर रहे हैं



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने भारतीय खिलाड़ी रोहित शर्मा पर चोरी का एक आरोप लगाया है। हालांकि यह किसी वस्तु की चोरी का नहीं बल्कि वीडियो स्टाइल चोरी के बारे में है। दरअसल, भारत ने सोमवार को खेले गए अपने पहले टी20 विश्वकप अभ्यास मैच में इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर धमाकेदार अंदाज में अपने मिशन का आगाज किया। हालांकि इस मैच में टीम इंडिया के ओपनर रोहित शर्मा बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर नहीं आए। रोहित के अब बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले दूसरे अभ्यास मैच में खेलने की उम्मीद है। इसके बाद वह 24 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में पारी का आगाज करेंगे। रोहित पर टीम को धमाकेदार शुरुआत देने का दबाव होगा। हालांकि उससे पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने रोहित पर चोरी का एक गंभीर आरोप लगाया है। हालांकि ये आरोप हकीकत में चोरी वाला आरोप नहीं है। ये केवल रोहित के उस सोशल मीडिया पोस्ट पर वॉर्नर का रिएक्शन है, जो रोहित शर्मा ने पोस्ट किया है।

रोहित शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह टीम इंडिया की नई जर्सी दिखा रहे हैं। टी20 वर्ल्ड कप के शुरू होने से पहले टीम इंडिया की नई जर्सी लॉन्च हुई थी और रोहित उसे ही अपने होटल के कमरे में दिखा रहे थे। भारतीय सलामी बल्लेबाज ने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, मेरी इंडिया की ब्लू जर्सी। ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज वॉर्नर ने रोहित के इस वीडियो के साथ कमेंट में लिखा, आप मेरे टिक टॉक का स्टाइल कॉपी कर रहे हैं। रोहित अपने होटल के कमरे में पहले निक्कर और टी-शर्ट पहने होते हैं और फिर वो टीम इंडिया की जर्सी में नजर आते हैं। रोहित के इस वीडियो पर आईपीएल में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने लिखा, टी20 वर्ल्ड कप मूड। वहीं, युजवेंद्र चहल ने मजेदार कमेंट करते हुए लिखा, बेड कमजोर है। चहल को टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया था।

### कम स्कोर पर टीम इंडिया के सिमटने पर पाक प्रशंसक की खुशी को कपिल देव ने किया काफुर

**नई दिल्ली।** टी20 विश्वकप का बिगुल बज चुका है और पूरी दुनिया के क्रिकेट प्रेमी 24 अक्टूबर की प्रतीक्षा कर रहे है, जब भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने सामने मैदान पर उतरेगी। भारत और पाकिस्तान के मैच का इंतजार सिर्फ दोनों देशों के फैंस ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के क्रिकेट प्रेमी करते हैं। इस मैच से फैंस किस कदर जुड़े रहते हैं, खिलाड़ी भी इससे वाकिफ हैं। भारत और पाकिस्तान के मैच की बात करें तो शारजाह में खेले गए एक मैच की यादें आज भी हर किसी के जहन में ताजा है। ये वो मैच है, जब पाकिस्तानी फैंस ने टीम इंडिया की खराब बल्लेबाजी पर भारतीय फैंस को जमकर चिढ़ाया था, मगर इसके बाद कपिल देव ने पूरे मैच का पासा ही पलट दिया। बात 22 मार्च 1985 की है। दरअसल इमरान खान की खतरनाक की गेंदबाजी के सामने टीम इंडिया महज 125 रन पर सिमट गई थी। खराब बल्लेबाजी के चलते टीम इंडिया में निराशा छा गई थी। इसके बाद भारतीय टीम गेंदबाजी करने के लिए उतरी और देखते ही देखते माहौल बदल गया। कपिल देव ने 4 विकेट लिए। रवि शास्त्री ने 10 में से 5 मेडन ओवर फेंके। सुनील गावस्कर इस सब पर भारी पड़े। उन्होंने स्लिप में 4 कैच लपके। पाकिस्तान टीम महज 87 रन पर ऑल आउट हो गई। हालांकि मैन ऑफ द मैच इमरान खान को दिया गया। इस मैच के बाद लोग जर्सी, शर्ट उतारकर डांस कर रहे थे।

एक अखबार में छपी खबर के अनुसार पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरु नायक के भाई सतीश नायक अपने एक जानकार के साथ स्टैंड में बैठकर मैच देख रहे थे। उनके चारों और पाकिस्तानी फैंस मौजूद थे। भारत के 125 रन पर आउट होने के बाद पाकिस्तान के फैंस उन्हें कहने लगे थे कि जाओ घर जाओ। मैच में कुछ नहीं रखा। इसके बाद वे चुपचाप बैठे रहे, मगर फिर कपिल देव ने अपना जादू दिखाया और भारतीय खेल प्रेमी उछलने पर मजबूर हो गए।

### टमाटर हुआ लाल 100 रुपए किलो पहुंचा, प्याज की ने भी लगाई उछाल

**नई दिल्ली।** मंहमाई की मार से सब्जियां भी बच नहीं पा रही है। टमाटर और प्याज की कीमतों में काफी तेजी क चलते आम आदमी की रसोई प्रभावित हो रही है। राजधानी दिल्ली सहित कई शहरों में इनकी कीमत में पिछले कुछ दिनों में काफी तेजी आई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, बेमौसम बारिश से फसल खराब होने की खबरों के बीच मंडियों में आवक सुस्त रहने से सोमवार को महानगरों में टमाटर का खुदरा भाव बढ़कर 93 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया। मेट्रो शहरों में, कोलकाता में टमाटर 93 रुपए प्रति किलो, चेन्नई में 60 रुपए प्रति किलो, दिल्ली में 59 रुपए प्रति किलो और चेन्नई में 53 रुपए प्रति किलो के हिसाब से सोमवार को बेचा गया। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय द्वारा ट्रैक किए गए 175 शहरों में से 50 से अधिक शहरों में टमाटर की खुदरा कीमत 50 रुपए प्रति किलोग्राम से अधिक थी। थोक बाजारों में भी, कोलकाता में टमाटर 84 रुपए प्रति किलो, चेन्नई में 52 रुपए प्रति किलो, मुंबई में 30 रुपए प्रति किलो और दिल्ली में 29.50 रुपए प्रति किलो के भाव से बिक रहा है। प्रमुख उत्पादक राज्यों में बेमौसम बारिश के कारण फसल को हुए नुकसान के बीच खराब आवक के कारण टमाटर की कीमतों में मजबूती बनी हुई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली, मुंबई और चेन्नई में प्याज की कीमत 50 से 65 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है। दिल्ली के एक सब्जी विक्रेता शिवलाल ने कहा, हमें बारिश के कारण मंडी से ही अच्छी गुणवत्ता वाले टमाटर नहीं मिल रहे हैं।



# फेड के किसी बदलाव से भारत से कुछ पूंजी का प्रवाह होगा : आईएमएफ

**नई दिल्ली।** संयुक्त राज्य अमेरिका के फेडरल रिजर्व द्वारा किसी बदलाव या अन्य केंद्रीय बैंकरों द्वारा इसी तरह की कार्रवाई किए जाने से भारत से कुछ पूंजी का प्रवाह हो सकता है, ऐसा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का मानना है। हालांकि आईएमएफ ने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और पोर्टफोलियो निवेश के कारण भारत के पास इस समय पर्याप्त विदेशी मुद्रा है। आईएमएफ ने मध्यावधि के हिसाब से भारत की संभावित वृद्धि दर में कटौती कर इसे 6 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 6.25 प्रतिशत रखा गया है। बैंक ने यह कटौती निवेश और श्रम बाजारों पर कोविड के असर को देखते हुए की है। यह पूछे जाने पर कि क्या फेडरल रिजर्व की कटौती से भारत से हॉट मनी का बहिर्गमन होगा और जिंसों के दाम बढ़ेंगे, आईएमएफ के एशिया प्रशांत विभाग के भारत के लिए मिशन प्रमुख अल्फ्रेड शिपके ने कहा कि फंड के आकार घटाने के जोखिम से वैश्विक रूप से परिस्थितियां मुश्किल होंगी और इससे भारत से कुछ पूंजी बाहर जा सकती है।

उन्होंने कहा, %जैसा कि हमने देखा है, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मजबूती से जारी है। हमने देखा है कि साल की शुरुआत में कुछ उतार चढ़ाव के बाद पोर्टफोलियो प्रवाह भी बहाल हो गया। लेकिन फिर भी, प्रवाह का कुछ हिस्सा फिर बाहर जा सकता है।% आर्टिकल 4 के तहत भारत पर आईएमएफ की रिपोर्ट जारी करने के मौके पर वह रिपोर्टरों से वर्चुअल बातचीत कर रहे थे। बहरहाल उन्होंने कहा कि भारत के पास बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार है। शिपके ने कहा, %हमारे मैट्रिक्स के आधार पर हम मानते हैं कि यह (विदेशी भंडार) मौजूदा परिप्रेक्ष में उचित है।% बुधवार को जारी सितंबर की बैठक के ब्योरे के मुताबिक फेडरल रिजर्व अपनी मासिक संपत्ति खरीद में नवंबर के मध्य से कुछ कटौती कर सकता है। ब्योरे में संकेत दिया गया है कि कटौती की प्रक्रिया से संभवतः कोषागार में 10 अरब डॉलर की मासिक कमी और 5 अरब डॉलर की मार्गेज समर्थित प्रतिभूतियों में कमी आ सकती है।

चालू वित्त वर्ष की कोविड प्रभावित पहली तिमाही में भारत में एफडीआई का प्रवाह 168 प्रतिशत बढ़कर 17.6 अरब डॉलर हो गया है। यह बढ़ोतरी पिछले वित्त वर्ष की कोविड प्रभावित समान तिमाही के 6.4 अरब डॉलर के कम आधार पर हुई है। चालू वित्त वर्ष में 18 अक्टूबर तक इक्विटी, डेट और हाइब्रिड सहित कुल एफपीआई प्रवाह 5.3 अरब डॉलर रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष में 36.2 अरब डॉलर था। 2019-20 के दौरान यह संकुचित होकर 3 अरब डॉलर था। भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 2.039 अरब डॉलर बढ़कर 639.516 अरब डॉलर हो गया।

शिपके ने यह भी सूचित किया कि फंड ने मध्यावधि के हिसाब से भारत की संभावित आर्थिक वृद्धि भी कम कर दी है। यह कोविड के कारण निवेश में आई कमी और श्रम बाजारों में व्यवधान के कारण किया गया है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से श्रम बाजार में कुछ नुकसान पहुंचा है, जिसकी वजह से संभावित वृद्धि दर में 25 आधार अंकों की कमी कर दी गई है। एशिया प्रशांत विभाग, आईएमएफ के डिप्टी डिवीजन चीफ जारको तुरुनेन ने कहा कि मानव पूंजी यहां महत्त्वपूर्ण घटक है।

# महंगाई के गाज अब टीवी पर, 1 दिसंबर से देखना हो जाएगा महंगा



**नई दिल्ली। बढ़ती** महंगाई की गाज अब टीवी दर्शकों पर भी पड़ने वाली है। एक दिसंबर से टीवी चैनल्स के बिल बढ़ने वाले हैं। देश के प्रमुख ब्रॉडकास्टिंग नेटवर्क्स जी, स्टार, सोनी और वॉयकॉम 18 ने कुछ चैनल्स अपने बुके से बाहर कर दिए हैंऔर उनके दाम बढ़ा दिए हैं। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) के नए टैरिफ ऑर्डर के लागू करने की वजह से यह दाम बढ़ रहे हैं। बता दें कि ट्राई ने मार्च 2017 में टीवी चैनल्स की कीमतों को लेकर न्यू टैरिफ ऑर्डर (एनटीओ) जारी किया था। उसके बाद 1 जनवरी, 2020 को एनटीओ 2.0 जारी हुआ। इसके चलते सारे नेटवर्क एनटीओ 2.0 के अनुसार अपने चैनलों के दाम बदल रहे हैं। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) का विचार था कि एनटीओ 2.0 दर्शकों को केवल उन चैनलों के चयन और भुगतान करने का विकल्प और स्वतंत्रता देगा, जिन्हें वे देखना चाहते हैं। ब्रॉडकास्टिंग नेटवर्क के किसी बुके में ऑफर किए जाने वाली चैनल की मंथली वैल्यू 15-25 रुपए के बीच रखी गई थी लेकिन ट्राई के नए टैरिफ ऑर्डर में यह न्यूनतम 12 रुपए तय की गई है। ऐसे में चैनल्स के लिए अपने ज्यादातर चैनल सिर्फ 12 रुपए में ऑफर करना बहुत नुकसानदेह हो सकता है।

### क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन में फ्यूचर ईटीएफ लिस्टिंग से पहले रिकॉर्ड तेजी

**नई दिल्ली।** आभासी मुद्रा के नाम से ख्यात बिटकॉइन ने अमेरिका में बिटकॉइन ईटीएफ की लिस्टिंग से पहले निवेशकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इससे दुनिया की सबसे लोकप्रिय और सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत में पिछले कई दिनों से आ रही तेजी मंगलवार को भी जारी रही और यह रेकॉर्ड हाई के करीब पहुंच गई है। एशियाई मार्केट में बिटकॉइन 1.5 फीसदी की तेजी के साथ 62,991 डॉलर पर पहुंच गई। जो अप्रैल के बाद इसका उच्चतम स्तर है। अप्रैल में यह 64,845 डॉलर के रेकॉर्ड हाई पर पहुंच गई थी। अक्टूबर में इसकी कीमत में 40 फीसदी तेजी आई है। इसकी वजह यह है कि निवेशक बिटकॉइन ईटीएफ को मंजूरी दिए जाने की उम्मीद कर रहे हैं। इससे पेंशन फंड्स और दूसरे संस्थागत निवेशकों द्वारा मैनेज किए जा रहे अरबों डॉलर के फंड इस सेक्टर में आ सकेंगे। प्रोशेयर्स का बिटकॉइन स्ट्रेटेजी ईटीएफ मंगलवार को बीआईटीओ टिकर से लिस्ट किए जाने की संभावना है। हालांकि अभी इसे अमेरिकी रेग्युलेटर की मंजूरी नहीं मिली है। एनालिस्ट्स का कहना है कि फंड सीधे तौर पर बिटकॉइन में निवेश नहीं होगा, इसलिए इसका तत्काल कोई असर नहीं होगा। लेकिन निवेशक इसे भविष्य के लिए अच्छे संकेत के तौर पर देख रहे हैं। एक अन्य क्रिप्टोकरेंसी एनालिस्ट्स का कहना है कि अगर कैश फ्लो जारी रहा तो बिटकॉइन की स्पॉट कीमतें बढ़ सकती है। क्रिप्टो एक्सचेंज वजीरएक्स के मुताबिक बिटकॉइन दोपहर बाद सवा एक बजे 0.29 फीसदी की तेजी के साथ 62,116 डॉलर यानी

# पुलिस ने खाद की कालाबाजारी को लेकर गोदाम किया सील

## विभागीय अफसर ने बताया खाद का स्टॉक वैद्य

**भिण्ड।** खाद की कालाबाजारी को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी सक्रियता के चलते गोरमी पुलिस को एक गोदाम में अवैध रूप से रखे स्टॉक की सूचना लगी जिस पर पुलिस द्वारा छापामार कार्रवाई की। यहां से 640 बोरी खाद उतरते हुए पकड़ी। खाद गोदाम पर कार्रवाई की सूचना लगते ही कृषि विभाग के अफसर पहुंचे। उन्होंने खाद के गोदाम में डीएपी और यूरिया रखे जाने की स्वीकृति होना बताई। इस कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी और कृषि विभाग के अफसर दोनों ही आमने सामने हुए।

गोरमी थाना क्षेत्र में जय काली मां खाद बीज भंडार पर 26 सितंबर को कृषि अफसरों और प्रशासनिक अफसरों की संयुक्त कार्रवाई हुई थी। बीज एवं खाद विक्रेता द्वारा अफसरों को दुकान संचालन के कागजी दस्तावेज नहीं दिखा सके थे। इस वजह से दुकान को सील किया गया था। मंगलवार की सुबह गोरमी थाना प्रभारी सुरेश चंद्र शर्मा का मुखबिर ने सूचना दी कि कल्याणपुरा में जय काली मां खाद बीज भंडार संचालक द्वारा सिलोली गांव में डीएपी खाद का ट्रक उतर रहा है। इस पर मौके पर पुलिस पहुंची।छापामार कार्रवाई के दौरान द्वारा खाद बीज दुकान संचालक सरवीर पुत्र ज्ञानसिंह नरवरिया (30) निवासी कल्याणपुरा से पूछताछ की गई। दुकान संचालक, पुलिस के सामने ज्यादा कुछ नहीं बता सका। यह दुकान संचालक द्वारा सिलोली में नरेश सिंह भदौरिया के मकान पर गोदाम बना रखा था। यह जानकारी लगते ही मौके पर कृषि विभाग के अफसरों को पता चली। मौके पर एसएडीओ अभिमन्यु पांडेय पहुंचे। उन्होंने, पुलिस अफसरों को वैध गोदाम बताया। इस दौरान पुलिस के अफसरों और कृषि अफसरों में बहस हुई। इसके बाद पूरे मामले की जांच होना बताया।



### एक दिन पहले ही परमीशन दी गई

एसएडीओ अभिमन्यु पांडेय ने दैनिक भास्कर से बातचीत करते हुए बताया कि एक दिन पहले ही गोदामों का निरीक्षण करके स्वीकृति दी गई है। दुकान संचालक द्वारा दो गोदाम बनाए गए। एक कल्याणपुरा में जहां यूरिया खाद करीब चार हजार बोरी रखी गई। वहीं, सिलोली गांव में 640 बोरी डीएपी रखी गई। दुकान संचालक ने 26 सितंबर को दुकान सील की गई थी। कागजी दस्तावेज दिखाने के बाद कार्रवाई दुकान को खोल दिया गया था। इसके बाद ही गोदामों का निरीक्षण करके परमीशन दी गई थी।

### दुकान सील थी फिर कैसे मंगाई खाद

गोरमी थाना प्रभारी सुरेंश चंद्र शर्मा का कहना था कि जय काली खाद बीज भंडार की कृषि विभाग ने दुकान सील की थी। फिर खाद को कैसे मंगा लिया गया। दुकान कल्याण पुरा में और गोदाम तीन किलोमीटर दूर बनाया। ऐसे में पूरा मामला संदेह में है। जांच की जा रही है।

## ईद मिलाद-उन-नबी की दी मुबारकवाद



भिण्ड। मंगलवार को ईद मिलाद उन नबी की मुबारकवाद दी गई। यह त्यौहार इस्लाम धर्म के आखिरी पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर मनाया जाता है। ईद मिलाद उन-नबी को ईद-ए-मिलाद के नाम से भी जाना जाता हैं। हालांकि कोविड-19 गाइड लाइन का पालन करते हुए शहर में ईद मिलादुन्नबी, का जुलूस मोहल्ले में ही निकाला गया वहीं अंचल क्षेत्र में जहां डीजे-बाजे के साथ ईद मिलादुन्नबी के जुलूस को निकाला गया। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम बहुल क्षेत्र नयापुरा से विशाल जुलूस निकाला जाता था, जो शहर के इमामबाड़ा, किलागेट, पुरानीबस्ती के समीप से होते हुए वापस लोग अपने घर को चले जाते थे। इस दौरान मुस्लिम सामाजिक संस्थाओं के द्वारा फलों और मिठाइयों का वितरण भी किया गया। जुलूस में शामिल लोगों के ऊपर फूलों की बारिश भी की गई और इसके बाद लोग फातिहा खानी कर जरूरतमंदों के बीच खाना और वस्त्र का भी वितरण किए गए।

**अंचल में जमकर रहा जुलूस का हुजूम :** मालनपुर में आज हुजूर सहाब के अवसर पर शांति पूर्वक ग्यारह बजे से गौसिया मस्जिद से डीजे बाजे गाजे के साथ जुलूस निकाला गया जुलूस भदौरिया होटल से गिर्राज मार्केट, हनुमान चौराहा, सब्जी मंडी होते हुए पुरानी मस्जिद, समता नगर, माधव नगर से पुनः गौसिया मस्जिद पर दोपहर दो बजे समाप्त किया गया इस अवसर पर हाकिम अली, जाकिर खान, शमशाद अली, फरियाद शाह, शददाम, जिया खान, मास्टर सोवत खान, कल्लू मिर्जा, नौशाद, जिन्ने खां, महिला, बच्चों सहित उपस्थित थे। वहीं मौ क्षेत्र में बसस्टेण्ड, गोलाम्बर, गांधी मार्केट, ऊपर टोला होते हुए सदर बाजार के मौ इमामबाड़ी पर आकर जुलूस का समापन किया गया और मिठाईयों का वितरण कर मुबारकवाद दी।

# सरपंच व सचिव द्वारा दिया गया निजी व्यवसायिक कारखाने को लाभ



**फूप।** जनपद पंचायत भिंड की ग्राम पंचायत समन्ना के सरपंच व सचिव ओर इन्जीनियर द्वारा ग्राम पंचायत में आवादी क्षेत्र से अलग लगे कारखाने तक पन्चपर्मेश्वर के अन्तर्गत मुख्य मार्ग से आर सी सी रोड डाली गयी है जो की ग्राम वासियों के कोई उपयोग में नहीं है सिर्फ कारखाने के मालिक को निजी लाभ पहुंचाने के लिए इस रोड का निर्माण कार्य किया गया। जो कि ग्रामीणो के अधिकारो का हनन है ओर शासन को गुमराह करने के लिए इस रोड का नाम कारखाने के मालिक दिनेश सिंह तोमर के घर की ओर लिखा गया है उस कारखाने को दस्तावेजो में कारखाने के मालिक का मकान बता कर शासन की राशि का दुरुपयोग किया गया है और शासन को गुमराह करने का कार्य सरपंच व सचिव ओर इन्जीनियर द्वारा किया गया है और इस रोड में दर्शाई गयी लागत राशि मे भी गोलमाल किया गया है। जिसकी गुडवत्ता भी लागत राशि को देखते हुये सन्देह के घेरे में है।

## वर्षा से भिंड जिले की 70 फीट की फसलें किसानों की पूर्व से बर्बाद : राजेंद्र सिंह गुर्जर

**भिण्ड।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि मध्य प्रदेश में 3 दिन से हुई ताबड़तोड़ वर्षा से किसानों के खेत में फसलें 70त्न से अधिक नष्ट हो गई हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार किसानों की सरकार है, फसलों के नुकसान का सर्वे कराने के लिए मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित कराया जाएगा ताकि वे प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित कर सकें। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि पूरे मध्यप्रदेश के अधिकांश जिलों में प्रभावी वर्षा होने के कारण किसानों की खेत में खड़ी सरसों, मूंगफली, धान की फसलें पूर्णतः नष्ट हो गई हैं, जिन्होंने सरसों की फसल बोई थी उनके खेत में जब फसल बड़ी हुई तो वर्षा होने के कारण खेत में ही बर्बाद हो गई और जिन किसानों ने बाद में सरसों बोई थी उनकी फसल वर्षा के कारण पानी से खेतों में पूर्णतः नष्ट हो गई। उन्होंने कहा कि भिंड जिले में 270 एकड़ की लागत की रवि की फसल नष्ट हो गई है, धान एवं मूंगफली की फसल भी 65 से 70त्न प्रभावित हुई है, 16 घंटे लगातार दिन रात बारिश से किसानों के खेतों में पानी लबालब हो गया और पूर्व बाढ़ जैसी स्थिति भी बनी।

# युवा कांग्रेस ने मेहगांव में पेट्रोल डीजल के बढ़ते दामों के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**मेहगांव।** भिण्ड जिले के मेहगांव में एमपी युवा कांग्रेस के आव्हान पर युवा कांग्रेस के ज़िला महासचिव अंकित तोमर और जिला के युवा कांग्रेस सचिव विकाश चोधरी के नेतृत्व में सभी साथियों के साथ मेहगांव नगर के रिलायंस पेट्रोल पंप पर पहुंचकर कर पेट्रोल डीजल बढ़ते दामों के खिलाफ प्रदर्शन किया गया जिसमे दर्जनों मोटर साईकिलो मैं यूवा कांग्रेस ने पेट्रोल डलवा कर महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। वहीं अंकित तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार पेट्रोल पर 35 रूपये एक्स्ट्रा टैक्स के रूप में वसूल कर रही है अगर मध्य प्रदेश सरकार अपना टेक्स् कम करती है तो पेट्रोल और डीजल के दाम कम हो जाए लेकिन भाजपा सरकार बिल्कुल भी कम करने के इरादे से नहीं है और यह निरंतर डीजल और पेट्रोल पर बढ़ाते जा रहे हैं। इसी वजह से डीजल और पेट्रोल के दाम दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। आज के कार्यक्रम में मुख्यरुप से उपस्थित रहे जिला कांग्रेस सचिव मनीष शिवहरे, नगर अध्यक्ष अभिषेक भदौरिया, मनीष गुर्जर, कृष्णा गुर्जर, आशीष गुर्जर, अंशू भदौरिया, कृपाल , इरफान आदि लोग उपस्थित रहे। विकाश चौधारी ने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी तब पेट्रोल के दाम 60 से लेकर 62 रूपये तक थे और आज भाजपा की सरकार है और पेट्रोल के दाम 115 रूपये प्रति लीटर है इसी महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।



## खेत में गाय जाने को लेकर दो पक्षों पर क्रॉस मामला दर्ज

भिण्ड। फूप थाना क्षेत्र के ग्राम सराय का पुरा में भूरेलाल के खेत में एक गाय चली गई इसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया और एक दूसरे को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों की फरियाद पर क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सोमवार शाम 5.30 बजे अभिषेक पुत्र रामअवतार सगर निवासी सराय का पुरा ने बताया उसी गांव निवासी भूरेलाल सगर, सोनू सगर खेत में गाय जाने को लेकर झगडा करने लगे और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसी तरह दूसरे पक्ष के फरियादी सोनू सगर पुत्र भूरेलाल ने बताया उसी गांव निवासी अभिषेक सगर, श्रीमती खेती सगर ने भी उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों की फरियाद पर क्रॉस प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## बस की सीट पर बैठने को लेकर युवक की मारपीट

भिण्ड। गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के एनएच-92 हाइवे भिण्ड-ग्वालियर रोड पर स्थित कल्लू ढाबा के पास बस की सीट पर बैठने को लेकर दो लोगों ने एकराय होकर एक व्यक्ति की मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार सोमवार 12.15 बजे प्रदीप पुत्र जितेन्द्र सिंह तोमर निवासी जस्तपुरा थाना गोहद ने बताया क्षेत्र के कल्लू ढ़ाबा के सामने ग्वालियर रोड पर बस की सीट को लेकर सोनू पुत्र गोवर्धन भदौरिया, सोनू का दोस्त निवासी स्टेशन रोड गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकातय पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## जिला अस्पताल के गेट से बाइक चोरी

भिण्ड। कोतवाली थाना क्षेत्र के जिला अस्पताल गेट के पास एक बाइक खड़ी हुई थी, जिसे अज्ञात चोर लेकर रफू चक्कर हो गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर बाइक चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार ब्रजमोहन पुत्र मलखान बघेल निवासी करके का पुरा थाना बरासो ने बताया रविवार दोपहर 2 बजे जिला अस्पताल में अपने किसी मरीज रिश्तेदार से मिलने के लिए आया था और बाइक क्रमांक एमपी30एमआर0923 एचआर डीलक्स से आया था, बाइक जिला अस्पताल के गेट के पास खड़ी कर अंदर चला गया, इसी दौरान अज्ञात चोरों पार कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

हारजीत का दांव लगा रहे जुआरी गिरफ्तार

भिण्ड। मालनपुर थाना क्षेत्र के पुरानी मस्जिद के बगल वाली गली समता नगर में जुआरी जुआ खेल रहे थे, मुखबिर की सूचना पर दबोचकर हिरासत में लिया और उसके पास से एक ताश की गड्डी व नगदी जब्त की। पुलिस उक्त आरोपीगणों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार दोपहर 3.50 बजे अजीम खां निवासी भारत मार्केट महाराजपुरा, फिरोज खां, अमजद खां निवासी समता नगर जो क्षेत्र की पुरानी मस्जिद के बगल वाली गली में जुआ खेलते हुए पुलिस ने दबोचकर हिरासत में लिया और उनके पास से एक ताश की गड्डी 1100 रुपये नगदी जब्त की। पुलिस ने उक्त जुआरियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## सिंध नदी में डूबने से एक की मौत

**भिण्ड।** लहार थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग अपने मवेशियों चराने के लिए नदी के उस पार ले जाने के लिए नदी में घुसा तभी पानी में समां गया। इसके बाद तलाश की गई। जब नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी गई। लहार पुलिस के मुताबिक मड़ोरी गांव में रहने वाले 65 वर्षीय बुजुर्ग भरोसेलाल पुत्र धनलाल ढीमर अपनी भैसों को लेकर सिंध नदी की बीहड़ में चराने जा रहे थे। सोमवार को नदी के दूसरे पार पर वो भैंसों को लेकर जाने लगे। भैंसों को नदी में घुसाया और पीछे से स्वयं जाने लगे, तभी अचानक पानी में समां गए। नदी के इस पार कुछ चरवाहों ने उन्हें डूबते हुए देखा तो वे बचाव के लिए आगे आए। गांव के गोताखोरों ने नदी में तलाश की। करीब एक किमी. तक भरोसे लाल को स्थानीय गोताखोरों ने तलाशा, परंतु कोई तलाश नहीं हो सकी। इसके बाद गांव के कोटवार नादरी ने लहार थाना पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस तलाश के लिए पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया। पुलिस की सूचना पर भिंड से गोताखोरों को बुलाया जा रहा है। इसके बाद आज मंगलवार की दोपहर तलाश की जाएगी।

**नदी में आए मगरमच्छ:** अगस्त महीने में सिंध में बाढ़ के बाद नदी का स्वरूप बिकराल हो गया है। यह नदी में मगरमच्छ और घड़ियालों की संख्या में इजाफा हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, मगर और घड़ियाल नदी में तैरते दिखाई देते है। यह घटना के पीछे स्थानीय लोगों द्वारा मगरमच्छ का हमला किए जाने की आशंका जाहिर की जा रही है।

# कोरोना महामारी नहीं बल्कि डेंगू-मलेरिया जैसी है खाद की समस्या : डॉ. अमित

**भिण्ड।** चंबल अंचल में खाद कि समस्या कोरोना महामारी की तरह नहीं बल्कि यह समस्या डेंगू और मलेरिया की तरह है जिससे हमें हर साल रूबरू होना है. जिस प्रकार से डेंगू मलेरिया से निपटने के लिए हम पहले से तैयारी कर लेते हैं, उसी तरह से खाद के संबंध में भी समय रहते सही अनुमान एवं खाद की उपलब्धता के बारे में उचित निर्णय लिया जाए तो इससे आसानी से निपटा जा संकता है। यह बात मप्र-छत्तीसगढ़ इफको डायरेक्टर डॉ. अमित प्रताप सिंह ने क्षेत्र में डीएपी-यूरिया संकट को लेकर प्रदेश की शिवराज सरकार पर निशाना साधते हुए कही।



ज्ञात हो कि ग्वालियर-चंबल अंचल में खाद के लिए बहुत मारामारी मची है। हालात यह है कि कहीं गोदाम लूटे जा रहे हैं तो कहीं किसान पुलिस की लाठियाँ खा रहे हैं। रबी फसल की बुवाई के लिए अन्नदाता को खाद वितरण केन्द्रों पर दिन-रात लंबी लाइन में खड़ा होना पड़ रहा हैं। इस समस्या को लेकर इफको डायरेक्टर डॉ अमित सिंह ने शिवराज सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि खाद की समस्या के लिए मूल रूप से सरकार का कुप्रबंधन ही मुख्य कारण है। देश के कृषि मंत्री के इसी क्षेत्र से होने के बावजूद यहां की मूल कृषि समस्याओं को न पहचान पाना बहुत आश्चर्य की बात है। यदि कृषि मंत्री कहीं दक्षिण से होते और यहां की परिस्थितियों का ठीक से आंकलन न कर पाते तो आश्चर्य नहीं होता। डॉ अमित ने कहा कि चंबल की जनता बहुत ही भावनात्मक तथा संवेदनशील है, इसी कारण वह अन्याय को बर्दाश्त नहीं करती है। यदि उसे यह विश्वास दिला दिया जाए कि सारे काम नियम व ईमानदारी से हो रहे हैं तो इस प्रकार की समस्याएँ आएगी। लोगों को जब लगता है कि उनके साथ पक्षपात हो रहा है तब इस प्रकार की घटनाए सामने आती हैं।

# पिता की हत्यारे बेटे गिरफ्तार, हत्या में उपयोग किया जाने हथियार भी बरामद

**भिण्ड।** थाना सिटी कोतवाली भिण्ड ने जमीन जायदाद के लिये अपने पिता की हत्या करने वाले आरोपीयों को किया गया गिरफ्तार जिनके कब्जे से एक 315 बोर कट्टा व एक 315 का जिन्दा राउण्ड व घटना में प्रयुक्त दो मोटर सायकल बरामद पुलिस अधीक्षक भिण्ड के द्वारा 2 अक्टूबर के सुबह 7.30 बजे गोविन्द नगर भिण्ड में जमीन जायदाद में हिस्सा नहीं देने के ऊपर से धर्मवीर यादव, संजय यादव द्वारा अपने साथी फौजी व एक अज्ञात के साथ मोटर सायकल से आकर अपने पिता व अतिबल यादव जो चबूतरे पर बैठे थे उनकी कट्टे से गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिस पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र.525/21 धारा 302.34 भादवि का आरोपीगण धर्मवीर यादव, संजय यादव, फोजी व एक अज्ञात के विरुद्ध कायम किया गया था, आरोपीगण घटना दिनांक से फरार चल रहे थे आरोपीगण की धडपकड हेतु अभियान में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली राजकुमार शर्मा द्वारा टीम घटित कर मुखबिर की सूचना पर से ग्राम रमा के हार मे बना आरोपीगण का घर से 17 अक्टूबर को आरोपी धर्मवीर यादव उम्र 56 साल व संजय यादव उम्र 36 साल पुत्रगण स्व. श्री अतिवल यादव निवासीगण ग्राम रमा थाना सुरपुरा भिण्ड एवं बीते सोमवार को अपचारी बालक आकाश उर्फ फौजी यादव पुत्र ब्रह्मजीत यादव उम्र 16 साल निवासी सदर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से एक 315 बोर कट्टा व एक 315 जिन्दा राउण्ड व घटना में प्रयुक्त दो मोटर सायकल प्लेटीना एवं हीरो पेंशन प्रो जप्त की गई है गिरफ्तार आरोपी धर्मवीर यादव व संजय यादव एवं अपचारी बालक आकाश उर्फ फौजी यादव से अज्ञात आरोपी के संबंध में पूछताछ की तो उनके द्वारा बताया कि आकाश उर्फ फोजी यादव ने अपने दोस्त रोविन यादव निवासी खिपौना थाना अटेर जिला भिण्ड (म0प्र0) को पिता व बाबा अतिदत्त को गोली मारने के एवज में दो लाख रुपये में सुपारी देना बताया एवं आकाश उर्फ फौजी के द्वारा डील कराना बताया जिसके लिये रोविन यादव निवासी खिपौना की घटना दिनांक से 20 दिन पूर्व 50,000 रुपये सुपारी के रूप में देना व घटना के उपरान्त 1,50,000 रुपये और देना तय होना बताया।



## मजदूर महिला का टूटा आशियाना

**भिण्ड।** दो दिन से लगातार हो रही बारिश के चलते नगर के बार्ड नं. 7 में एक गरीब बेबा मरियम खा का मकान धाराशाही हो गया है जिसमे उसके घर गृहस्थी का समान भी मलबे में दब गया है। मरियम दबोह में सब्जी बेच कर अपने परिवार का भरण पोषण करती है। उसने बताया कि मैने आबास का फार्म 3 साल पहले डाला था और मेरा आबास मंजूर भी हो गया था पर आज तक नही मिला सबाल यह उठता है कि स्थानीय नगर प्रशासन ऐसे गरीब लोगों को आबास नही दे रही हैं तो फिर आबास किन लोगों को दिए जा रहे है। यहां बता दे कि पूर्व में भी नगर में गरीब व्यक्तियों के मकान बर्षात में गिर गए है। ओर उनके पास आज भी सर छुपाने के लिए जगह नही है।

## बांग्लादेश में हिंसा

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। रविवार रात को उपद्रवियों ने रंगपुर के पीरगंज में 65 से ज्यादा हिंदुओं के घरों में आग लगा दी। इसमें 20 घर पूरी तरह जल चुके हैं। बांग्लादेश में 13 अक्टूबर से हिंदुओं पर हमले शुरू हुए हैं। पहले अलग-अलग स्थानों पर दुर्गा पंडालों को निशाना बनाया गया था और हिंदुओं पर हमला किया गया था। इसमें चार हिंदुओं की मौत हो गई थी, वहीं 60 से ज्यादा घायल हो गए थे। इसके बाद इस्कॉन मंदिर को भी निशाना बनाया गया और तोडफ़ोड़ की गई थी। हिंदुओं के घरों में आग लगाए जाने की वजह एक सोशल मीडिया पोस्ट है। एक शख्स ने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट किया था। इसके बाद तनाव पैदा हो गया और उपद्रवियों ने उस शख्स के घर पर हमला बोल दिया। इसके बाद हिंसा का दौर शुरू हो गया है। बांग्लादेश में हिंसा के पीछे उपद्रवी तत्वों का ही हाथ माना जा रहा है। बांग्लादेश के साथ भारत के सदा से मधुर संबंध रहे हैं। मगर वहां के कुछ लोग इस सौहार्द को बिगाड़ कर अपना स्वार्थ साधने की फिराक में रहते हैं। वे इस मौके की तलाश में रहते हैं कि कैसे कट्टरपंथियों को उकसाया जाए और अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाने पर लेकर दोनों देशों के रिश्तों में खटास पैदा की जा सके। इसी का ताजा उदाहरण वहां के हिंदू मंदिरों पर हमले हैं। इन हमलों के बाद वहां जगह-जगह फैले दंगों में अब तक चार लोग मारे जा चुके हैं। कई घायल हैं। मरने वालों की संख्या बढने् की आशंका है। इन हमलों के पीछे किसी उपद्रवी तत्व का अफवाह फैलाना है। अफवाह फैलाई गई कि कुछ हिंदुओं ने इस्लाम के पवित्र ग्रंथ का अपमान किया है। फिर देखते-देखते लोग उत्तेजित हो गए और मंदिरों और दुर्गापूजा के पंडालों में तोड़-फोड़ शुरू कर दी। कई हिंदू अल्पसंख्यकों के घरों पर भी हमले हुए। बांग्लादेश सरकार ने इस स्थिति पर काबू पाने के लिए 22 जिलों में अर्धसैनिक बलों की तैनाती कर दी है। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले हुए हैं। पहले भी कुछ उपद्रवी तत्व अफवाह फैला कर सौहार्द्र का वातावरण बिगाडने् का प्रयास करते रहे हैं। बांग्लादेश में ऐसा मानस बनने के पीछे कुछ लोग पिछले कुछ समय से भारत में चल रहे नागरिकता कानून लागू करने के प्रयासों से जोड़ सकते हैं। मगर इसमें बहुत दम इसलिए नजर नहीं आता कि जब भारत में यह कानून संशोधन हुआ था, तब बांग्लादेश सरकार ने सहर्ष अपने नागरिकों को अपने यहां आने देने को तैयार हो गई थी। फिर अब उसे लेकर कहीं कोई प्रतिक्रिया भी नहीं उठ रही। इसलिए ताजा घटना के पीछे उपद्रवी तत्वों का ही हाथ माना जा रहा है। सत्ताधारी दल को बदनाम करने की नीयत से ऐसी घटनाओं को अंजाम देने की कोशिशें हर कहीं देखी जाती हैं। ऐसे लोग समुदाय विशेष के प्रति नफरत फैला कर ऐसा माहौल बनाने का प्रयास करते हैं कि जैसे वह उनका दुश्मन हो। कई देशों में, यहां तक कि अमेरिका तक में, तो युवाओं में ऐसी नफरत भरने का प्रयास किया गया कि बाहर से आए लोग उनके रोजगार के अधिकार पर डाका डाल रहे हैं। बांग्लादेश में भी हिंदू कारोबारियों की खासी बड़ी तादाद है। इसलिए कुछ संकीर्ण मानसिकता के लोगों को ऐसा लग रहा होगा कि उनके वहां जड़ें जमाने से उनकी तरक्की में बाधा पैदा हो रही है। फिर कुछ ऐसे उपद्रवी भी होंगे, जो चाहते होंगे कि हिंदुओं पर हमले करने से भारत में भी प्रतिक्रिया होगी, वहां के लोग बांग्लादेशियों पर हमले करेंगे और इस तरह माहौल बिगड़ेगा। दोनों देशों के बीच रिश्ते तनावपूर्ण हो जाएंगे। इस तरह आम लोगों में मौजूदा सरकार के प्रति व्यापक विरोध का माहौल बनेगा।

# शरद पूर्णिमा का धार्मिक ही नहीं, वैज्ञानिक महत्व भी है

**शरद नारायण खरे**

तो हर माह पूर्णिमा होती है, लेकिन शरद पूर्णिमा का महत्व कुछ और ही है। हिंदू पुराणों के अनुसार माना जाता है कि शरद पूर्णिमा की रात को चांद पूरी सोलह कलाओं से पूर्ण होता है। इस दिन चांदनी सबसे तेज प्रकाश वाली होती है। माना जाता है कि इस दिन चंद्रमा की किरणों से अमृत गिरता है। ये किरणें सेहत के लिए काफी लाभदायक है। जानिए शरद पूर्णिमा इतनी खास क्यों है।वैसे तो हर पूर्णिमा पर चांद गोल नजर आता है परंतु शरद पूर्णिमा की चांद की बात ही कुछ और है। कहते हैं कि इस दिन चांद की किरणें धरती पर अमृतवर्षा करती हैं।

इस रात्रि में भ्रमण और चंद्रकिरणों का शरीर पर पड़ना बहुत ही शुभ माना जाता है। प्रति पूर्णिमा को व्रत करने वाले इस दिन भी चंद्रमा का पूजन करके भोजन करते हैं। इस दिन शिव-पार्वती और कार्तिकेय की भी पूजा की जाती है। यही पूर्णिमा कार्तिक स्नान के साथ, राधा-दामोदर पूजन व्रत धारण करने का भी दिन है। हिन्दू धर्मशास्त्र में वर्णित कथाओं के अनुसार देवी देवताओं के अत्यंत प्रिय पुष्प ब्रह्मकमल केवल इसी रात में खिलता है।

आश्विन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा कहते हैं और इस साल यह 20 अक्टूबर को है। इसे कोजागरी पूर्णिमा भी कहते हैं। किसी - किसी स्थान पर व्रत को कौमुदी पूर्णिमा भी कहते हैं। कौमुदी का अर्थ है चांद की रोशनी। इस दिन चांद अपनी सोलह कलाओं से पूर्ण होता है। कुछ प्रांतों में खीर बनाकर रात भर खुले आसमान के नीचे रखकर सुबह खाते हैं। इसके पीछे भी यही मान्यता है कि चांद से अमृतवर्षा होती है।इसे रास पूर्णिमा भी कहते हैं क्योंकि इसी दिन श्री कृष्ण ने गोपियों के साथ महारास की शुरूआत की थी। इस पूर्णिमा पर व्रत रखकर पारिवारिक देवता की पूजा की जाती है। रात को ऐरावत हाथी (सफेद हाथी) पर बैठे इन्द्र देव और महालक्ष्मी की पूजा होती है। कहीं कहीं हाथी की आरती भी उतारते हैं। इन्द्र देव और महालक्ष्मी की पूजा में दीया , अगरबत्ती जलाते हैं और भगवान को फूल चढ़ाते हैं। बंगाल में शरद पूर्णिमा को कोजागोरी लक्ष्मी पूजा कहते हैं। महाराष्ट्र में कोजागरी पूजा कहते हैं और गुजरात में शरद पूनम। इस दिन चांद धरती के सबसे निकट होता है इसलिए शरीर और मन दोनों को शीतलता प्रदान करता है। इसका चिकित्सकीय महत्व भी है जो स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

प्रत्येक प्रांत में शरद पूर्णिमा का कुछ न कुछ महत्व अवश्य है।विभिन्न स्थानों पर अलग अलग भगवान को पूजा जाता है परंतु अधिकतर स्थानों में किसी न किसी रूप में लक्ष्मी की पूजा अवश्य होती है।

शरद पूर्णिमा से जुड़ी मान्यता है कि इस दिन चंद्रमा की किरणों से अमृत टपकता है। जो आपकी सेहत के लिए लाभकारी है। इस दिन लोग अपने घरों की छत में खीर बना कर रखते है। जिससे चांद की किरणें खीर पर पड़े जिससे वह अमृतमयी हो जाए। इसको खानें से न जाने कितने बड़ी-बड़ी बीमारियों से निजात मिल जाता है। कही-कही पर इस दिन सार्वजनिक रूप से खीर वितरित भी की जाती है।

धर्म ग्रंथों के अनुसार माना जाता है कि शरद पूर्णिमा के दिन श्री कृष्ण गोपियों के साथ रास लीला भी करते है। साथ ही माना जाता है कि इस दिन मां लक्ष्मी रात के समय भ्रमण में निकलती है यह जानने के लिए कि कौन जाग रहा है और कौन सो रहा है। उसी के अनुसार मां लक्ष्मी उनके घर पर ठहरती है। इसीलिए इस दिन सभी लोग जगते है । जिससे कि मां की कृपा उनपर बरसे और उनके घर से कभी भी लक्ष्मी न जाएं।

अगर शरद पूर्णिमा को वैज्ञानिक द्रष्टिकोण से देखा जाए तो माना जाता है कि इस दिन से मौसम में परिवर्तन होता है और शीत ऋतु की शुरूआत होती है। इस दिन खीर खानें को माना जाता है कि अब ठंड का मौसम आ गया है इसलिए गर्म पदार्थों का सेवन करना शुरु कर दें। ऐसा करने से हमें ऊर्जा मिलती है।

शरद पूर्णिमा का चांद सेहत के लिए काफी फायदेमंद होताहै। इसका चांदनी से पित्त, प्यास, और दाह दूर हो जाते है। दशहरे से शरद पूर्णिमा पर रोजाना रात में 15 सो 20 मिनट तक चांदनी का सेवन करना चाहिए। यह काफी लाभदायक है। साथ ही चांदनी रात में त्राटक करने से आपकी आंखों की रोशनी बढ़ेगी। साथ ही इसी दिन वैद्य लोग अपनी जडी-बूटी और औषधियां इसी दिन चांद की रोशनी में बनातें है। जिससे यह रोगियों को दुगुना फायदा दें।

अध्ययन के अनुसार शरद पूर्णिमा के दिन औषधियों की स्पंदन क्षमता अधिक होती है। रसाकर्षण के कारण जब अंदर का पदार्थ सांद्र होने लगता है, तब रिक्तिकाओं से विशेष प्रकार की ध्वनि उत्पन्न होती है।लंकाधिपति रावण शरद पूर्णिमा की रात किरणों को दर्पण के माध्यम से अपनी नाभि पर ग्रहण करता था। इस प्रक्रिया से उसे पुनर्योवन शक्ति प्राप्त होती थी। चांदनी रात में 10 से मध्यरात्रि 12 बजे के बीच कम वस्त्रों में घूमने वाले व्यक्ति को ऊर्जा प्राप्त होती है। सोमचक्र, नक्षत्रीय चक्र और आश्विन के त्रिकोण के कारण शरद ऋतु से ऊर्जा का संग्रह होता है और बसंत में निग्रह होता है।

अध्ययन के अनुसार दुग्ध में लैक्टिक अम्ल और अमृत तत्व होता है। यह तत्व किरणों से अधिक मात्रा में शक्ति का शोषण करता है। चावल में स्टार्च होने के कारण यह प्रक्रिया और आसान हो जाती है। इसी कारण ऋषि-मुनियों ने शरद पूर्णिमा की रात्रि में खीर खुले आसमान में रखने का विधान किया है। यह परंपरा विज्ञान पर आधारित है। शोध के अनुसार खीर को चांदी के पात्र में बनाना चाहिए। चांदी में प्रतिरोधकता अधिक होती है। इससे विषाणु दूर रहते हैं।

## जीवन का अर्थ बताती है अर्थी

जीवन भर व्यक्ति इसी सोच में उलझा रहता है कि उसका परिवार है, बीबी बच्चे हैं। इनके लिए धन जुटाने और सुख-सुविधाओं के इंतजाम में हर वह काम करने के लिए तैयार रहता है जिससे अधिक से अधिक धन और वैभव अर्जित कर सके। अपने स्वार्थ के लिए व्यक्ति दूसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए भी तैयार रहता है। जबकि हर व्यक्ति के शरीर में आत्मा रूप में बसा ईश्वर गलत तरीके से, दूसरों को अहित पहुंचाकर लाभ पाने के लिए मना करता है। लेकिन जब व्यक्ति आत्मा की बात नहीं सुनता है तो आत्मा मौन धारण कर लेती है। आत्मा को उस दिन का इंतजार रहता है जब व्यक्ति अर्थी पर पहुंचता है। इस समय व्यक्ति को जीवन का अर्थ और आत्मा की कही बातें याद आती है। लेकिन इस समय पश्चाताप के अलावा कुछ और नहीं बचता है। सब कुछ मिट्टी में मिल चुका होता है। आपने मृत व्यक्ति को बांस की फट्ठियों पर लेकर जाते हुए कभी न कभी जरूर देखा होगा। बांस की फट्ठियों पर जिस पर शव को लिटाया जाता है इसे अर्थी कहते हैं। अर्थी को उठाने के लिए चार कंधों की जरूरत पड़ती है। जब व्यक्ति की अर्थी उठायी जाती है उस समय आत्मा मृत व्यक्ति से कहती है देखो, तुम्हारी यही औकात है। तुम्हें खुद सहारे की जरूरत है, तुम झूठा अहंकार करते रहे कि तुम लोगों को आश्रय दे रहे हो। जिन लोगों के लिए तुम दिन रात धन-वैभव जुटाने में लगे रहे। आज वह संगी साथी परिवार तुम्हें विराने में ले जाकर अग्नि में समर्पित कर देगा। जीवन का मात्र यही अर्थ है। इसलिए अर्थी को जीवन का अर्थ बताने वाला कहा गया है। अर्थी ले जाते समय लोग जोर-जोर से नारे लगाते हैं राम नाम सत्य है, सब की यही गत्य है। नारे लगाने वाले लोग मृत व्यक्ति को और दुनियां को यह बताता है कि वास्तविक सत्य राम का नाम है। अंत में सभी की यही गति होनी है। इसलिए प्रभु का नाम भजते हुए ईमानदारी और सहृदयता के साथ जीवन जीना चाहिए।

जरूरतमंदों की सहायता से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। गीता के ग्यारहवें अध्याय का महात्म्य बताते हुए भगवान शिव ने कहा है कि जो व्यक्ति जरूरत के समय व्यक्ति से नज़र फेर लेता है वह नीच योनियों में जन्म लेता है। जरूरत के समय दूसरों की सहायता करने वाला व्यक्ति कई पापों से मुक्त हो जाता है। इसलिए व्यक्ति को परमार्थी होना चाहिए। मनुष्य का जन्म ही इस उद्देश्य के लिए हुआ। जो व्यक्ति इस अर्थ को नहीं समझता उसे अर्थी पर जाकर ही जीवन का अर्थ ज्ञात होता है।

## जनसंघ की निधि पर भाजपा की शक्ति

**राघवेंद्र शर्मा**

मां और पुत्र के बीच जो शाश्वत प्रेम प्राकृतिक रूप से स्थापित होता है, वह किसी अन्य परस्पर दो जीवो के बीच देखने को नहीं मिलता। इसका एक प्रमुख कारण यह भी है कि मां अपने पुत्र को नौ माह तक पहले गर्भ में उसका पालन पोषण करती है। अनेक प्रतिकूल हालातों से जूझते हुए असहनीय प्रसव पीड़ा के बाद उसे जन्म देती है। जैसे ही शिशु माता के गर्भ से निकलकर उसकी गोद में आता है, मां सारी पीड़ा भूल जाती है और अपने भविष्य को पालने पोसने में जुट जाती है। जैसे-जैसे शिशु, बालक, किशोर, युवा और फिर वयस्क अवस्था को प्राप्त होता है, उसके अंदर मां के प्रति दायित्वों का बोध स्थाई जड़ें जमाता चला जाता है। फल स्वरुप जैसे-जैसे समय गुजरता है उसी के साथ साथ मां बेटे के बीच का स्नेह प्रगाढ़ होता चला जाता है। कुछ ऐसा ही स्नेहिल संबंध भारत माता और इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज हो चुकी जनसंघ के बीच देखने को मिलता है। कारण स्पष्ट है, गुलामी के दिनों में विदेशियों द्वारा स्थापित एक पार्टी खुद को आजाद भारत का भाग्य विधाता साबित करने पर तुली हुई थी। उसका तानाशाही पूर्ण रवैया लोकतंत्र के लिए खतरा साबित होने लगा था। तुष्टीकरण की कारगुजारियां सारी हदों को पार कर चुकी थीं। तब चारों ओर निराशा का वातावरण था। कोई यह नहीं सोच पा रहा था कि आजाद भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने के लिए कोई नया दल प्रस्फुटित होगा, जो सर्वधर्म समभाव का विचार स्थापित कर नए भारत का निर्माण करेगा। यही पीड़ादायक समय जनसंघ का प्रसव काल था, जब दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे भारत माता के वीर सपूतों ने इस संगठन की स्थापना की और ÷दीपक÷ की जगमगाती लौ के साथ विश्व को एकात्म मानववाद का संदेश देना शुरू कर दिया। तत् समय सत्ता पर काबिज वह लोग जनसंघ को सहन कर ही नहीं पाए, जो यह भ्रम पाल कर बैठे थे कि भारत को आजादी हम ने दिलाई और यदि हम ना होते तो भारत भी आजाद ना होता। नतीजतन जनसंघ पर नए-नए बहानों की आड़ लेकर अवरोध पैदा किये जाना शुरू हो गए। राष्ट्रवाद की विचारधारा से ओतप्रोत जन संघियों पर पुलिस की लाठियां बरसने लगीं और उन्हें यहां वहां गिरफ्तार किया जाने लगा। सत्ता के मद में चूर तत्कालीन आतताई पूरी तरह आश्वस्त थे कि जब जुल्म की इंतिहा बढ़ेगी तो जनसंघ स्वत- ही इतिहास की वस्तु बन जाएगा। लेकिन हुआ इसके ठीक उल्टा। सरकार ने जनसंघ और उसके नेताओं पर जितनी तेजी से अत्याचार किए, जनता उतनी ही प्रगाढ़ता के साथ जनसंघ से जुड़ती चली गई। शायद यही वजह रही कि जब देश में आपातकाल लागू हुआ, तब हर किसी की आशा भरी निगाहें जनसंघ की सक्रियता पर केंद्रित हो गईं। जनसंघ ने भी भारत माता को निराश नहीं किया। उसने जयप्रकाश नारायण जैसे अनेक संघर्षशील नेताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तत्कालीन तानाशाह सरकार की जड़ें हिला दीं। सरकार जनसंघ के जितने नेताओं को जेल में ठूंसती चली गई, उससे दुगने नेता सड़कों पर सरकार के तानाशाह रवैये को ललकारते नजर आने लगे। हालात कुछ ऐसे बने कि जेल के भीतर और बाहर, चारों तरफ जन आंदोलन की चिंगारी भड़क उठी। यहां तक की देश को आपातकाल से बचाने के लिए जनसंघ ने अपना अस्तित्व भी दांव पर लगा दिया। उस वक्त के सबसे बड़े राजनीतिक विरोधी दल जनसंघ का विलय जनता पार्टी में हुआ। नतीजतन पहली बार देश में गैर कांग्रेसी सरकार स्थापित हुई। इससे इतिहास के पन्नों में दर्ज हो चुकी जनसंघ का सम्मान भारतीयों के मन में और अधिक बढ़ा। उसके जो नेता जनता पार्टी में राष्ट्र सेवा करते दिखाई दिए, उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की जाने लगी। जनसंघियों के प्रति आम जनता का लगाव अवसरवादी राजनैतिक संगठनों को रास नहीं आया। उनकी यही ईर्ष्या जनता पार्टी कि टूट का कारण बनी। फल स्वरूप आपातकाल के खिलाफ लड़े गए लंबे आंदोलन के संघर्ष पर पूरी तरह पानी फिर गया। एक बार फिर केंद्र में तानाशाह सरकार स्थापित हो गई। किंतु जनसंघ के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हार नहीं मानी। इतिहास में लौटने की बजाए इस राष्ट्रवादी संगठन ने आगे बढ़ने का निर्णय लिया। वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी का प्रादुर्भाव हुआ और चुनाव चिन्ह के रूप में दीपक का स्थान ÷कमल के फूल÷ ने ले लिया।

# सिख गुरु ने मुक्त कराए थे 52 हिन्दू राजा...!

**नईम कुरेशी**

सिख समाज के छटवें गुरु हरगोविंद सिंह ने आज से 400 साल पहले 1621 में जहांगीर के दौर में ग्वालियर फोर्ट की जेलों में बंदी बनाये गये 52 राजाओं को मुक्त कराया था। गुरु हरगोविंद सिंह को मुस्लिम संत मीयां मीर साहब ने जहांगीर की तबिया में सुधार लाने के वास्ते 40 दिन की प्रार्थना करने का संदेश भेजा था जिस निवेदन पर गुरु जी ग्वालियर आकर यहाँ शाही मेहमान बनकर प्रार्थना करने पहुंचे थे। उन्हें दौर में 500 रुपये का खर्चा प्रतिदिन मुगल सल्तनत के द्वारा दिया जाता था।

ग्वालियर किले पर भारत के सभी प्रातों के हजारों सिख अनुयायी इस मामले में पिछले हते आकर गुरु जी को याद दिलाई थी। गुरु जी को मात्र 40 दिन का चिल्ला करना था पर चन्दू नामक एक मुगल ओहदेदार ने उन्हें लम्बे समय तक ग्वालियर फोर्ट से जाने नहीं दिया। चन्दू ब्राम्हण के बारे में इतिहासकार लिखते हैं कि वो अपनी बेटी की शादी गुरुजी से करवाना चाहता था।

**मियां मीर ने छुड़वाया**

करीब 2 साल के बाद इस्लामिक गुरु मियां मीर से जहांगीर की खास पत्नी नूरजहाँ बेगम उनसे मिलने आयीं तब उन्हें मियां मीर साहब ने खूब फटकार लगाई कि गुरुजी कब से किले पर तेरे खामिद बादशाह के लिये दुआ व देश की भलाई व सद्भावना के लिये प्रार्थना कर रहे हैं। उन्हें अभी तक वापस क्यों नहीं बुलाया जा रहा है।

नूरजहाँ ने बादशाह से ये हुक्म मियां मीर साहब का सुनाया तब खुद बादशाह को अपनी गलती का अहसास हुआ तब गुरुजी को तमाम कीमती तोहफे देकर वापस बुलाने का बादशाह ने हुक्म दिया जिस पर गुरुजी ने अपने साथ सालों से बंदी बनाये गये हिन्दू राजाओं को भी छोड़ने का आदेश दे दिया। इस तरह मानवता व सद्भावना से सराबोर गुरु हरगोविंद सिंह जी ने 52 कलियों का कुर्ता बनवाया जिसे पकड़कर इन राजाओं को ग्वालियर जेल से मुक्त कराया गया। 13वीं सदी से ग्वालियर फोर्ट को जेल के तौर पर भी जाना जाता था। औरंगजेब ने अपने भाई द्वारा शिकोह, मुराद आदि को भी यहां कैद किया था।

**135 राजाओं ने बनवाया इसे**

ग्वालियर फोर्ट भारत के तमाम उम्दा व सुरक्षित किलों में से एक रहा है जो 135 राजाओं ने 6वीं सदी से बनवाया है पर तोमर, कछवाहा शासकों ने यहां सहस्त्रबाहु मंदिर व मानमंदिर आदि सुन्दर महल व मंदिर बनवाकर इस ऐतिहासिक किले की खूबसूरती में चार चांद लगा दिये हैं। 12वीं सदी के शुरू में इल्तुतमिश ने इस किले के ऊपर परकोटा (चार दीवारी) बनवाकर इसकी खूबसूरती को बढ़ा दिया। 1236 में इस किले पर पहली महिला सुल्तान रजिया सुल्ताना का भी शासन रहा है।

**यहीं रानी कुंती जन्मी**

ग्वालियर फोर्ट से 40 किलोमीटर की दूरी पर ही रानी कुंती का जन्म स्थल कुंतलपुर बानमोर मुरैना के समीप है जो उनके पिता राजा कुंत भोज का इलाका रहा था। इस किले को बनाने वाले खास राजाओं में राजा सूरजसेन 6वीं सदी में हुये थे उनका भी जिक्र है। उन्होंने पहला स्मारक यहां तालाब के तौर पर बनवाया था। इसके बाद परमार, कछवाह व 84 पाल राजा भी हुये थे किले पर। यहाँ नरेसर, बटेसर, सुरवाया, पढ़ावली, मितावली जैसे इलाकों से लाई गइऔ सुन्दर 3-4 शताब्दी की मूर्तियाँ भी राज्य पुरातत्व अभिलेखाकार जो किले की तलहटी में है रखी गई हैं व भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने भी मानमंदिर के सामने अपना भव्य म्यूजियम भी बनवाकर पर्यटकों को अच्छे स्मारक व मूर्तियों को दिखाकर यहाँ के सांस्कृतिक महत्व को दर्शाया जा रहा है। ये क्षेत्र भगवान श्री कृष्ण का इलाका माना जाता है। रानी कुंती को उनकी बुआ इतिहासकार व साहित्यकार बताते हैं। उनकी एक और बुआ चंदेरी के राजा की पत्नी थीं व उनके पुत्र ÷वक्रदंत÷ ने मंदिर के शहर दतिया की स्थापना कराई थी जिसे म.प्र. के लोकप्रिय वजीर डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने गत 15 सालों में भव्य शकर बनवा दिया है। ग्वालियर फोर्ट के समीप 50 से 80 किलोमीटर के आसपास दतिया में मांई पीतांबरा पीठ शक्तिपीठ से लेकर सोनागिरी के जैन मंदिर हजरत मोहम्मद गोस मुगलों के रूहानी गुरु का मकबरा ख्वाजा खानून की दरगाह से लेकर सेंवढ़ा दतिया में पहला संगीत स्कूल होने के भी गहरे प्रमाण मिले हैं। भिण्ड के भदौरिया शासकों का किला शिवपुरी के नरवर का किला चन्देरी के स्मारक भी खास हैं। सिख गुरु ने इस किले से 52 राजाओं को मुक्त कराके एक महान काम कर इस ग्वालियर फोर्ट को देश दुनिया में नई पहचान दिलाई।

### सूडोकु नवताल- 5867

★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5866 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## रामरहीमः हम तो डूब गए सनम

**वेदप्रताप वैदिक**

डेरा सच्चा सौदा के गुरमीत रामरहीम सिंह को अब आजीवन कारावास की सजा हुई है। वह पहले दो महिलाओं के साथ बलात्कार करने और एक पत्रकार की हत्या के अपराध में 20 साल की सजा काट रहा था। अब उसे अपने तथाकथित आश्रम के एक प्रबंध की हत्या के आरोप में दुबारा सजा हुई हैं। प्रबंधक रणजीतसिंह पर रामरहीम इसलिए कुपित हुआ कि उसकी बहन से उसने प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी को एक गोपनीय चिट्ठी लिखवाई थी, जिसमें रामरहीम के सारे काले-कारनामों का भंडाफोड़ किया गया था। वह चिट्ठी सार्वजनिक भी हो गई थी। इसी बात से चिढ़कर रामरहीम ने अपने चार चेलों को रणजीत की हत्या का बीड़ा सौंपा था। 10 जुलाई 2002 को गोली मारकर रणजीत की हत्या कर दी गई। अब 19 साल बाद अकाट्य प्रमाणों के आधार पर अदालत ने इन पांचों हत्यारों को सजा सुनाई है। रामरहीम ने अदालत से दया की अपील की थी। अदालत ने उसे फांसी पर नहीं लटकाया। सिर्फ जेल में रहने के लिए कहा। क्या यह सजा है? नहीं, यह तो बहुत बड़ा इनाम है। रामरहीम को खुश होना चाहिए। अब उसे जेल का मुफ्त खाना मिलेगा, कपड़े मिलेंगे और बीमारी का बहाना बना ले तो मुफ्त में दवा-दारू मिलेगी। इसके अलावा सबसे बड़ी बात यह है कि उसे पक्की सुरक्षा मिलेगी। जिन दर्जनों लड़कियों के साथ उसने बलात्कार किया है और जिन लोगों की उसने हत्या करवाई है, उनके रिश्तेदार चाहते हुए भी उसका बाल बांका नहीं कर सकेंगे। जेल के अंदर घुसकर वे इस अपराधी को कैसे मारेंगे? अब राम रहीम जितने वर्ष भी जेल काटेगा, आराम से रहेगा। उसे डेरा सच्चा सौदा की तरह कोई ढोंग फैलाने की जरुरत नहीं होगी। वह सादा जीवन जी सकेगा। पाप कर्मों से वह अपने आप को दूर रख सकेगा। लेकिन एक डर है। वह यह कि जेल में कई रसूखदार लोग स्वराज्य की स्थापना कर लेते हैं। कुख्यात हत्यारे, तस्कर, डकैत, ठग वगैरह किसी भी जेल में अपनी हुकूमत कायम कर लेते हैं। अभी कुछ दिनों पहले दिल्ली की एक जेल के दर्जनों अधिकारियों को मुअत्तिल किया गया है, क्योंकि वे दो ठगों के इशारे पर उनका पूरा व्यावसायिक तंत्र वहां से चला रहे थे लेकिन मैं सोचता हूं कि रामरहीम, आसाराम और नित्यानंद जैसे लोगों को चाहिए कि वे अब अपना शेष जीवन सात्विक ढंग से जिएं। उनसे जो भी पाप हुए, उन्हें वे भूल जाएं और जो सत्कर्म उन्होंने किए हैं, उन्हें वे याद करें। उन्होंने अपना पाखंड खूब फैलाया।

# पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारियां जोरों पर, देश भर से एकत्रित होगा जैन समाज



**अम्बाह।** नवंबर माह में जैन समाज अंबाह द्वारा नगर के श्री महावीर जिनालय पर आयोजित हो रहे सात दिवसीय श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारियां इन दिनों जोरों पर जारी है। इस आयोजन में देश भर की जैन समाज को आमंत्रित करने के लिए अम्बाह जैन समाज के गणमान्य नागरिक जगह-जगह पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में पंचकल्याणक के पात्रों को आमंत्रित करने समाज के लोग गुड़गांव दिल्ली पहुंचे, जहां पर उन्होंने पंचकल्याणक के प्रमुख पात्र बने सुदीप कुमार, रश्मि जैन सहित अन्य लोगों को आमंत्रित किया। इस मौके पर पंचकल्याणक समिति के अध्यक्ष अशोक जैन एडवोकेट एवं प्रमुख संयोजक पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जिनेश जैन ने कहा कि पंचकल्याणक भगवान की मूर्ति की प्रतिष्ठा विधि है, जिसके माध्यम से पाषाण की मूर्ति को परमात्मा बनाया जाता है या फिर सोना चांदी पीतल आदि धातु की और रत्नों की प्रतिमाएं जो होती हैं। उनकी प्रतिष्ठा संस्कार की क्रिया जो आचार्य के निर्देशों के अनुसार कराई जाती है वह पंचकल्याणक है।

श्री जैन ने कहा कि संसार के सारे राग-रंग और इन्द्रियों के विषयों के प्रसंगों से ऊपर उठकर जो अपने आत्मकल्याणक के लक्ष्य को प्राप्त कर लेना ही पंचकल्याणक है। संसार के सारे पाप-पंक से मुक्ति प्राप्त कर लेना ही पंचकल्याणक है। संसार के परिभ्रमण से मुक्ति प्राप्त कर लेना ही पंचकल्याणक है। जन्म-मरण और संसार के विषय कषायों की प्रवृत्ति से मुक्ति प्राप्त कर लेना ही पंचकल्याणक है। जिनेश जैन ने कहा कि संसारी मानवों में दस कोड़ा-कोड़ी सागर प्रमाण दीर्घकाल में मात्र 24 ऐसे महापुरुष होते हैं, जो तीर्थकर कहलाते हैं। अपनी अनेक भवों की साधना स्वरूप ही इन्हें तीर्थकर पद प्राप्त होता है। जिन्हें तीर्थकर पद प्राप्त होता है उनके पाँचों कल्याणक अवश्य होते हैं यानी गर्भकल्याणक, जन्मकल्याणक, दीक्षा कल्याणक, ज्ञानकल्याणक और मोक्षकल्याणक यह पाँच कल्याणक होते हैं। जिन्होंने गर्भ से हमेशा के लिये मुक्ति प्राप्त कर ली है वह गर्भ कल्याणक है। जो संसार के परिभ्रमण करता है, बार-बार जन्म लेता है, जन्म से जिसने मुक्ति पा ली है, वह जन्मकल्याणक है या संसार के अन्तिम जन्म को जन्म कल्याणक कहते हैं। संसार के राग-द्वेष का, इन्द्रिय विषयों का, मोह और आसक्ति का एवं समस्त आरंभ-परिग्रह का त्याग कर देना ही दीक्षा कल्याणक है। अपने आंशिक ज्ञान, अल्पज्ञान को नष्ट कर संपूर्ण ज्ञान को प्राप्त कर लेना ही केवलज्ञान कल्याणक है। अशोक जैन ने कहा कि दूसरा सिद्धान्त की दृष्टि से देखें तो जिस समय यह आत्मा अपने ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय, अन्तराय कर्मो को नष्ट कर जिस अवस्था को प्राप्त करता है, वह केवल ज्ञान कल्याणक है। संसार एवं समस्त कर्मों से रहित होकर जो अवस्था प्राप्त होती है, उसको मोक्ष कहते हैं। इसी को ही मोक्षकल्याणक कहते हैं, जिनेश जैन ने कहा कि धर्म नगरी अंबाह में 61 वर्ष बाद यह आयोजन हो रहा है। यह आयोजन आयोजकों के साथ-साथ संपूर्ण नगर के कल्याण का कारण बनेगा इससे अधिक प्रभाव वाला धार्मिक कार्यक्रम जैन समाज में दूसरा नहीं है इसलिए संपूर्ण क्षेत्र के लोग इस आयोजन की सफलता के लिए जी जान से जुटे हैं।

# गौशाला के नाम पर लाखों डकारे, खाली पड़ी है गौशालाएं

### शोपीस बनी गौशाला, आवारा गाय सड़कों पर



**कैलारस।** तहसील के अंतर्गत संचालित दर्जनों गौशालाएं खाली पड़ी हुई है। इनमें न तो आवारा जानवर है, न पानी का प्रबंध है, और न ही चारे की व्यवस्था है। सरकार से प्राप्त होने वाले अनुदानों को हड़प लिया जाता है। आवारा पशुओं का कोई प्रबंधन इन गौशालाओं में नहीं किया जा रहा है। क्षेत्र में बनी गौशाला शोपीस बनी हुई है, ना तो उसमें गाय हैं और ना ही चौकीदार। इधर गोवंशों की बजह से सड़कों पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। आवारा गायों से मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार बधरेंटा, मामचौन, गुजरना, चमरगमां, नेपरी आदि कई गौशालाओं में स्थिति देखी गई है। गौशाला सूनी पड़ी है, फिर भी प्रशासनिक अधिकारियों का इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं है। यहां तक कि उनमें चौकीदार का भी बंदोबस्त है लेकिन चौकीदार वहां उपस्थित नहीं रहते है। इन गौशालाओं के निर्माण में शासकीय धन का भारी दुरुपयोग किया गया है। लूट की गई है और अब आवारा पशुओं को इनमें नहीं रखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आवारा पशु फसल तो उजाड़ते ही हैं लेकिन अब वे हिंसक भी हो गए हैं और उन्होंने असमय कई लोगों को कालकलवित कर दिया है व कई लोगों को घायल कर दिया है। स्थिति यह है कि सड़कों पर लोगों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। प्रशासन को चाहिए कि इन गौशालाओं के नाम पर हुए घपले/घोटालों की तत्काल जांच कराई जाए और आवारा पशुओं को इन गौशालाओं में पहुंचाया जाए। साथ ही उनके लिए चारे, पानी का प्रबंध व चौकीदार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## माथुर वैश्य महासभा जयंती अवसर पर अनेकों प्रतियोगिता आयोजित



**अम्बाह।** माथुर वैश्य महासभा की 134 वी जयंती के अवसर पर माथुर वैश्य धर्मशाला में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के बच्चों व महिलाओं ने बढ-चढकर भाग लिया। इस अवसर नींबू रेस, चेयर रेस, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, मिट्टी के गणेश, रंगोली सजाओ, पुराने कपड़े से थैले बनाना, दीपक सजाओ, मेहंदी लगना, ड्राइंग प्रतियोगिता सहित अनेक आयोजन हुए। इन प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतियोगियों को समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान महिला मंडल की अध्यक्ष ममता गुप्ता, अंजली गुप्ता, नीरज गुप्ता, सचिन गुप्ता, राधा मोहन गुप्ता, मयंक गुप्ता, गीता गुप्ता, सीमा गुप्ता, आयुष गुप्ता, कान्हा गोलू, देवांशु, राहुल, पूजा गुप्ता सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# खाद वितरण में कोताई बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर

### खाद वितरण में लापरवाही करने पर 6 अधिकारियों का वेतन काटने एवं कारण बताओ नोटिस



**मुरैना।** रबी फसल के लिये जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। मुरैना जिले को लगातार यूरिया डीएपी की रैक बराबर मिल रही है। आज भी 1 हजार 300 मैट्रिक टन डीएपी खाद की रैक मुरैना आ चुकी है। वितरण व्यवस्था को अधिकारी सुधारे। इसमें कोताई बर्दाश्त नहीं करूंगा। यह निर्देश कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने सोमवार को टीएल बैठक में अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशन कुमार सिंह, अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव सहित संबंधित अधिकारी एवं गूगल मीट के जुड़े समस्त एसडीएम उपस्थित थे।

कलेक्टर बी.कार्तिकेयन खाद की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में बिना अनुमति के उपसंचालक कृषि पीसी पटेल अनुपस्थित पाये गये। कलेक्टर ने अनुपस्थिति का कारण पूछा तो अधीनस्थ कर्मचारी ने बताया कि भोपाल गये हुये है, इस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुये बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर जाने पर उपसंचालक कृषि के खिलाफ प्रस्ताव चंबल कमिश्नर को भेजने के निर्देश दिये। बैठक में सहायक प्रबंधक सीसीबी रामवीर सिंह भदौरिया विलंब से उपस्थित हुये। कलेक्टर ने आधा दिवस का वेतन काटने एवं कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में अम्बाह खाद वितरण की समीक्षा की जा रही थी। इस दौरान एसएडीओ द्वारा प्रतिदिन खाद वितरण की मॉनीटरिंग सही नहीं करने तथा जानकारी कलेक्टर को प्रस्तुत नहीं करने पर एसएडीओ अम्बाह की एक वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। वहीं पोरसा एसएडीओ यूरिया वितरण की जानकारी नहीं दे सके, इस पर कलेक्टर ने एक वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। डीएपी खाद की लगातार कलेक्टर प्रतिदिन सुबह-शाम समीक्षा कर रहे है, किन्तु डीआरसीएस सीपीएस भदौरिया और डीएमओ प्रवीण मूंद्रणा द्वारा खाद वितरण की ठीक तरह से मॉनीटरिंग नहीं करने एवं रैक प्राप्त होने के पश्चात् वितरण व्यवस्था में सुधार नहीं करने पर दोंनो अधिकारियों का 10-10 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये।

# पैगंबर साहब के जन्मदिन पर अस्पताल में किया फल वितरण




**अम्बाह।** इस्लाम धर्म के आखिरी पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा मंगलवार को सिविल हॉस्पिटल अम्बाह में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। यह कार्यक्रम अल्प संख्यक मुस्लिम कल्याण संगठन के बैनर तले किया गया। कार्यक्रम में हाजी सिद्दीक खां साहब, हाफिज वारिस अली, अब्दुल रऊफ, शमीम गौरी, सलीम खान, आरिफ खान, संगठन अध्यक्ष जीशान खान, हारून खान, फ़ज़ल खान, बल्लू पठान, मून भाई, इरफान खान, लालू आदि सभी का सहयोग रहा। कार्यक्रम में मार्ग दर्शन अंबाह बी. एम. ओ. डॉक्टर डी. एस. यादव का रहा। फल वितरण के समय सभी ने मरीजों को शुभकामनाएं दी।

## डण्डोली गांव में सरकारी जमीन के विवाद को लेकर गोली चली, एक घायल

**अंबाह।** अंबाह थाना अंतर्गत आने वाले डण्डोली गांव में दो पक्षों में जमीन के विवाद को लेकर मंगलवार की शाम गोली चल गई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु मुरैना जिला चिकित्सालय भेजा गया है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई तथा गोली चलाने वाले आरोपी भाग निकले। बताया जाता है कि गांव के ही राजेश द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा किया जा रहा था, जिसे नवाब सिंह पुत्र गोदाराम के द्वारा रोका गया तो उसने गोली चला दी जो नवाब सिंह के पैर में गोली लगी। नवाब सिंह के परिजन उसे घायल अवस्था में लेकर सिविल अस्पताल अंबाह आये, जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मुरैना रेफर कर दिया है।

# निगम ने एमएस रोड से चाट के ठेले हटाए, बाजार जाम कर रहे ठेलों पर मेहरबानी

### जीवाजी गंज में चौपाटी बनाने की प्रक्रिया शुरु, लेकिन सुविधाएं जीरो



**मुरैना।** जिला एवं नगर पालक निगम प्रशासन द्वारा मनमानी पूर्वक कार्रवाई किए जाने से हजारों हाथ ठेला संचालकों में रोष व्याप्त है। नगर निगम द्वारा एमएस रोड से चाट के ठेले तो हटा दिए गए हैं, लेकिन मुख्य बाजारों में सड़कों को जाम कर रहे ठेलों पर मेहरबानी क्यों की गई है, यह समझ नहीं आ रहा। मुख्य बाजारों में सैकड़ों की संख्या में हाथ ठेले सड़कों को अवरुद्ध कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन आज तक उनको नहीं हटा पाया है। जीवाजीगंज पार्क पर चौपाटी बनाने की प्रक्रिया आरंभ तो कर दी गई है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर नगर निगम प्रशासन मौन धारण किए हुए है। पूर्व में भी जिला कलेक्टर द्वारा जीवाजीगंज पार्क में चाट के हाथ ठेलों को स्थापित करने की कवायद की गई थी और उस समय मूलभूत सुविधाओं पानी की व्यवस्था एवं शौचालय की व्यवस्था को लेकर जब प्रश्न किए गए थे तो उन्होंने कहा था कि व्यवस्थाएं बनाई जाएंगी, लेकिन एक बार फिर बिना किसी व्यवस्था के चाट के हाथ ठेलों को एमएस रोड से हटाकर जीवाजीगंज पार्क में स्थापित कर दिया गया है। मंगलवार की शाम निगम अमले द्वारा एमएस रोड से जबरन ठेलों को पार्क के पास पहुंचा दिया गया, जिससे गरीब ठेले वाले आक्रोशित हैं, लेकिन प्रशासन की हठधर्मिता के आगे बेबस है, जबकि दूसरी ओर हनुमान चौराहा स्थित आसपास के सभी बाजारों में हाथ ठेले वालों ने बाजारों को जाम कर दिया है और पैदल निकलने तक की स्थिति नहीं है। ऐसे में उन पर प्रशासन क्यों मेहरबानी कर रहा है।

## नहरों के रिपेयरिंग कार्य में तेजी लायें: कलेक्टर

**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि रबी फसल के लिये नहरों के माध्यम से सिंचाई कराई जाना है। इसके लिये जहां-जहां नहरे बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त हुई है, वहां उनकी रिपेयरिंग का कार्य युद्धस्तर से किया जाये। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताई बर्दाश्त नहीं होगी। कलेक्टर ने कहा कि नहरों के रिपेयरिंग कार्य में कोई कोताई न बरतें। पानी अंतिम टेल तक पहुंचे। इसलिये रिपयेरिंग कार्य में पूरी सावधानी बरती जाये। कलेक्टर ने कहा कि रबी फसल के लिये पानी कब छोड़ा जायेगा, इस पर सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि 1 नवम्बर से नहरों में पानी रबी फसल के लिये छोड़ा जायेगा।

# समस्त बीएमओ डेगूं मलेरिया से बचने के लिये जनजाग्रति अभियान चलायें: कलेक्टर



**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने कहा है कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष मुरैना जिले में एक जनवरी से अब तक 85 मरीज डेगूं पाये गये है, जिनमें से अभी भी 7 केस एक्टिव है। इनमें 6 केस ग्वालियर में ईलाज ले रहे है, जबकि 1 केस का मुरैना जिला चिकित्सालय में ईलाज चल रहा है। आंकड़ा देखा जाये तो पिछले वर्ष मात्र 9 लोग डेगूं पॉजिटिव जिले में पाये गये थे, इससे प्रतीत होता है कि ब्लॉक स्तर पर भी लोगों में अवेयरनेस नहीं फैलायी गई है, इस कारण लोगों ने घरों में टूटे-फूटे बर्तनों पर ध्यान नहीं दिया हैं। वहां छतों पर पानी रूका हुआ है, या कूलरों साफ-सुथरा नहीं किया गया है। इसलिये साफ पानी रूका हुआ होने से डेगूं का लार्वा जिले में बड़ा है। इससे डेगूं के मरीज पॉजिटिव पाये है। समस्त बीएमओ टीम गठित करें, प्रत्येक गली, मोहल्ले एवं घनी आवादी क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को प्रेरित करें, उन्हें समझाईश दे कि साफ पानी एकत्रित नहीं होने दें, कूलरों में पानी भरा हुआ है तो साफ करादें। डेगूं का लार्वा या मच्छर साफ पानी में ही पनपता है। इसके लिये सभी बीएमओ प्रचार-प्रसार करावें। डेगूं के केस जिले में निकलना नहीं चाहिये। जहां केस अधिक निकलें है, वहां पर दवाईयों का छिड़काव और जांच टीम तत्काल भेजें।

# खाद की समस्या गहराई, किसान सभा ने खाद तत्काल उपलब्ध कराने की मांग



**कैलारस।** खाद के लिए किसान रात रात भर लाइन में लगे हुए हैं। खाद का संकट गहराता जा रहा है। किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है। कैलारस की कृषि उपज मंडी में आधा सैकड़ा किसानों ने खुले आसमान के नीचे रात बिताई। सुबह 4 बजे से ही किसान लाइन में लग गए। लेकिन गोदाम में एक बोरी भी खाद उपलब्ध नहीं होने से दोपहर भूखे प्यासे किसानों को घर के लिए वापस जाना पड़ा। इस स्थिति का किसान सभा ने पुरजोर विरोध किया है। मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी एवं वरिष्ठ किसान नेता गयाराम सिंह धाकड़ ने सूची प्रस्तुत करते हुए, प्रशासनिक अधिकारियों से त्वरित हस्तक्षेप कर किसानों को तत्काल खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। किसान नेताओं ने कहा है कि खाद के संकट से वर्तमान में छोटे और मझोले किसान जूझ रहे हैं। उनके खेत बिना बुवाई के रह जाएंगे। यह एक तरह से मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा अघोषित तौर पर कृषि कानूनों को लागू करने जैसी स्थिति है। सरकार यह चाहती है कि छोटे और मझोले किसानों के हाथ से जमीन निकल जाए और कॉरपोरेट्स के हाथ में जमीन पहुंचा दी जाए। स्थिति यहां तक है कि अभी तक नहर की मरम्मत का कार्य पूरा नहीं हुआ है। सात दिवस नहर में पानी छोड़ने के लिए और बढ़ा दिए गए हैं। हालांकि बारिश होने से किसानों को कुछ राहत मिली है। लेकिन जिन किसानों ने बुवाई कर दी थी, उनकी बुवाई दोबारा होगी। उन्हें जुताई, बुवाई, खाद, बीज एवं अन्य व्यय भार दोबारा से वहन करने होंगे। यह छोटे और मझोले किसानों के लिए बहुत ही कष्टप्रद स्थिति है। सुजर्मा के किसान हेमंत उपाध्याय ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा है। कि सारी रात लाइन में लगते हुए भी सैकड़ों किसानों को और मुझे भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। आखिर खाद कब और कैसे मिलेगी कोई बताने को तैयार नहीं है।

## वन-टू-वन

### सांगारेड्डी में नवनिर्मित श्री आई माताजी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की रूपरेखा हेतु मिटींग की गई



**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

हैदराबाद– 17 अक्टूबर 2021 को नवनिर्मित श्री आई माताजी मंदिर प्रांगण संगारेड्डी में प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों के लिए अहम मीटिंग रखी गई थी। बडेर के अध्यक्ष रुघाराम परिहारिया व सचिव घीसाराम काग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार इस विशेष मीटिंग में तेलंगाना राज्य के सभी बडेरों के अध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने इस मीटिंग में हिस्सा लिया। मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी को लेकर सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए एवं सभी ने मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए पूर्ण सहयोग करने का वादा किया। मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के इस वृहद और विशेष कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा को तैयार करने और मार्गदर्शन के लिए अनुभवी सीरवी संदेश पत्रिका के पूर्व संपादक,वर्तमान प्रधानाचार्य पीपलिया कलां दीपाराम काग गुड़िया को विशेष तौर पर आमंत्रित करके बुलाया गया। उनके मार्गदर्शन में नौ दिवसीय कार्यक्रम (11 फरवरी 2022 से 19 फरवरी 2022)की रूपरेखा बनाई गई।प्राण प्रतिष्ठा की आमंत्रण पत्रिका छपवाने हेतु भी विचार विमर्श किया गया एवं पत्रिका प्रकाशन का जिम्मा दीपाराम काग को दिया गया।

### कानेलाव के लोगो को 40 वर्षो तक का इंतजार के बाद मिला न्याय

**पुष्पांजली टुडे। नेनाराम सिरवी**

**पाली।** निकटवर्ती कानेलाव सीरवी नवयुवक मंडल सेवा समिति कानेलाव के युवाओं द्वारा अपने गाँव मे श्मशान भूमि के लिए लंबे समय से संघर्ष



किया। पिछले लगभग 3 वर्ष से कड़ा प्रयास कर रहे सीरवी समाज के नवयुवक मंडल के युवाओ का सपना साकार हुआ। गाँव में 36 कोम के लिए श्मशान भूमि आवंटित करवाई। लंबे समय के बाद शमशान भूमि को लेकर न्याय मिला। पाली सांसद पी पी चौधरी सांसद के निजी सहायक डीआर चौधरी सहित सरपँच एल आर देवासी जनप्रतिनिधियो के सफल प्रयास के बाद कानेलाव में 5 बिगा श्मशान भूमि आवंटित करने के आदेश जारी होते ही ग्राम वासियों में खुशी का माहौल छाया। । सीरवी समाज नवयुवक मंडल के नवयुवक युवा साथियों ने जिला प्रशासन स्थानीय पंचायत प्रशासन जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन के माध्यम से आमजन तक शमशान भूमि की जन समस्याओं को लेकर आवाज को किया बुलंद की गई और आखिरकार लंबे समय के बाद इंतजार खत्म हुआ। सीरवी समाज नवयुवक मंडल के साथ-साथ ग्राम वासियों ने संपूर्ण प्रयास कर्ताओं का आभार जताया।

### मुगल बहादुर नहीं साजिश कर्ता रहे हैं ,भारत में मुगल महिमा मंडन का बनावटी इतिहास पढ़ाया जाता है - संजीव सिंह

**(राजपूतों एवं क्रांतिकारीयों के वास्तविक संघर्ष और त्याग को नहीं पढ़या जाता)**

राष्ट्रीय चिंतक लेखक और विचारक अखिल भारतीय सवर्ण मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने आज कहा की देश में पढ़ाए जाने वाले भारत के इतिहास में प्रखर राष्ट्रवादी राजपूत एवं हिंदू समाज के लड़ाकों शुरवीरों सेनानी राजा महाराजाओं के महान संघर्ष त्याग बलिदान आदि को बिल्कुल एक सामूहिक वैचारिक एवं राजनीतिक साजिश के तहत मिटा दिया गया और छिपा दिया गया। देशभर के बच्चों और लोगों को ज्यादातर बनावटी इतिहास परोसा गया। खास तौर पर मुगल कालीन इतिहास में भारी हेर फेर कर दिया है। आखिर जो मुगल भारत में ताजमहल मिनार और किला आदि बना सकते थे वह अपने मातृभूमि में ऐसा कभी क्यों नहीं कर दिखाया। यहां उनके रहन सहन सोच संस्कृति को महान बताने का हर वामपंथी विचारधारा के इतिहासकारों ने जोरदार प्रयास किया। जबकि उनके खुद के पैतृक और मूल जमीन के कला संस्कृति रहन-सहन आज भी भारतीय इतिहास में दिखाए जाने वाले मुगल कालीन कला संस्कृति सोच ढ़ांचा आदि से कहीं मेल नहीं खाता है। भारत को बनाने बचाने एवं सुरक्षित करने में लाखों लाख हिन्दुओं ने बलिदान एवं योगदान दिया है। जिसको तमाम वामपंथी इतिहासकारों ने भारतीय शिक्षा पाठ्यक्रम से विलुप्त कर दिया है। देश के लिए राजपूत समाज के असंख्य योद्धाओं ने अपना तन मन धन जन जमीन जायदाद जेवरात सहित जान जहान तक लूटा दिया एवं न्योछावर कर दिया। ऐसे महान सैंकड़ों लोगों को भारत में पढ़ाए जाने वाले इतिहास से गायब ही कर दिया गया है। यहां तक की हल्दीघाटी की लड़ाई जीतने वाले महान महाराणा प्रताप को पराजित साबित कर देश को पढ़ाया जा रहा है। आजादी के लड़ाई में सैकड़ों युवा बुजुर्ग क्रांतिकारीयों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। परन्तु आज ऐसे महान लोगों का नाम हमारे बच्चे और लोगों को नहीं मालूम। वहीं अंग्रेजों और मुगलों का सहयोग करने वाले एवं उसके वैचारिक एजेंट बन कर काम करने वाले लोगों को भारतीय इतिहास में महान बताया जा रहा है। अतः जरुरत है की भारतीय इतिहास के वास्तविक रूप को नए सिरे से लिखा जाय।

# प्रदेश आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने लोक शिक्षण आयुक्त एवं सहायक संचालक आदिमजाति कल्याण विभाग में दिया ज्ञापन

**पुष्पांजली टुडे ब्यूरो विनोद पाठक**



**श्योपुर–** जिला अध्यक्ष पदम सिंह मीणा ने बताया कि आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मप्र प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के नेतृत्व में प्रदेश भर के अध्यापक शिक्षक संवर्ग की समस्याओं आदिम जाति कल्याण विभाग में कार्यरत अध्यापक शिक्षक संवर्ग को स्कूल शिक्षा विभाग में मर्ज करने, सातवें वेतनमान की एरियर्स राशि प्रदाय करने के लिए सैकड़ों पदाधिकारियों के साथ आदिम जाति कल्याण विभाग के संचालक एस एस तोमर से मिलकर ज्ञापन सौंपा तत्पश्चात लोक शिक्षण संचालनालय में आयुक्त अभय वर्मा से मुलाकात कर अध्यापकों की लंबित क्रमोन्नति आदेश जारी करने सहित कई मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा।साथ ही अन्य कई मांगों एवं पेंशन लागू करने के लिए अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई।

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ म प्र के प्रतिनिधि मंडल में प्रांताध्यक्ष भरत पटेल, हरीश मिश्र प्रांतीय सचिव, विजय तिवारी प्रांतीय उपाध्यक्ष, राजा भैया चौकसे प्रांतीय सचिव , संतोष पाण्डेय प्रांतीय मीडिया प्रभारी, शांति ताम्रकार प्रांतीय प्रवक्ता, राजेश सिंह राजावत संभागीय अध्यक्ष चंबल, पदम सिंह मीणा जिला अध्यक्ष श्योपुर, आनंद सिंह जिला अध्यक्ष भिंड, संग्राम सिंह तोमर जिला अध्यक्ष मुरेना, सरिता शर्मा जिलाध्यक्ष ग्वालियर, प्रकाश शुक्ला, गोविंद बिशेन, संतोष सोनी, दर्शन ओड संभागीय अध्यक्ष भोपाल, भीम सिंह यादव जिलाध्यक्ष अशोकनगर, मनीष शर्मा जिलाध्यक्ष भोपाल, श्याम मीणा जिला अध्यक्ष मंदसौर , डी के विश्वकर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी एवं अध्यापक शामिल रह मुलाकात कर अध्यापकों शिक्षकों की समस्या पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष भाई भरत पटेल सचिव हरीश मिश्रा, प्रांतीय उपाध्यक्ष चाँदमल पाटीदार,मंडला जिला अध्यक्ष संतोष सोनी भोपाल जिला अध्यक्ष मनीष शर्मा चंबल संभाग अध्यक्ष राजेश राजावत भोपाल संभाग अध्यक्ष दर्शन ओड उज्जैन संभाग अध्यक्ष प्रकाश शुक्ला ,मुकेश शर्मा संभाग अध्यक्ष ग्वालियर , परसराम कपाड़िया जी भिंड जिला अध्यक्ष आनंद भदोरिया जी , संग्राम सिंह तोमर जिला अध्यक्ष मुरेना , पदम सिंह मीणा जिला अध्यक्ष श्योपुर, प्रभूदयाल राजपूत प्रवक्ता संभाग चंबल, राजू सोनी जिला अध्यक्ष आगर, राजेंद्र सिंह जाटव जिला उपाध्यक्ष श्योपुर, वीरसिँह ब्लॉक अध्यक्ष विजयपुर, प्रान सिंह रावत ब्लॉक अध्यक्ष सबलगढ़, दर्शन लाल जाटव तहसील अध्यक्ष सबलगढ़, श्याम पाटीदार भोपाल संभाग कोषाध्यक्ष राधेश्याम राजपूत जितेंद्र भदोरिया आदि शिक्षक साथी उपस्थित रहे।।

## जिला न्यायालय में परिचय पत्र के साथ अधिवक्ता करेंगे प्रवेशः अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन




जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह भदौरिया एडवोकेट और महामंत्री दारा शुक्ला ने संयुक्त प्रेसवार्ता में बताया की जनपद औरैया की न्यायालय में अधिवक्ताओं की सुरक्षा को देखते हुए 20 अक्टूबर 2021 से जनपद न्यायालय में आने वाले अधिवक्ता अपना अपना परिचय पत्र लेकर आए जिन अधिवक्ताओं का जिला बार एसोसिएशन द्वारा परिचय पत्र निर्गत नहीं किया गया है वह अधिवक्ता बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के परिचय पत्र के

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**औरैया ।** मंगलवार को जानकारी देते जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह भदौरिया और महामंत्री दारा शुक्ला ने बताया कि राज्य विधिक परिषद उत्तर प्रदेश के आवाहन पर दिन बुधवार दिनांक 20-10-2021 जिला न्यायालय में अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहकर विरोध प्रदर्शन करेंगे जनपद शाहजहांपुर न्यायालय परिसपर कि घटना को देखते हुए जिला न्यायालयों में अधिवक्ताओं के परिचय पत्र के बिना प्रवेश पर रोक लगा दी गई है राज्य विधिक परिषद उत्तर प्रदेश ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा को देखते हुए न्यायालय परिसर में अपनी अपनी जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महामंत्री के निर्देशानुसार बनने वाले परिचय पत्र के बिना न्यायालय परिसर में जाना अब संभव नहीं है जनपद न्यायालय के साथ न्यायालय परिसर में प्रवेश कर सकते हैं वहीं उन्होंने कहा कि जो भी बादकारी न्यायालय परिसर में प्रवेश करेंगे उनका आधार कार्ड होना अति आवश्यक है अन्यथा बादकारी न्यायालय परिसर में प्रवेश करना असंभव होगा वही अध्यक्ष और महामंत्री ने संयुक्त प्रेस वार्ता में बताया कि जो भी मुंशी अधिवक्ताओं के चेंबर में है उनका भी प्रवेश कार्ड बार एसोसिएशन के द्वारा निर्गत किया जाएगा।

## जिला प्रशासन की हकीकत को बयां करती हुई यह तस्वीर अभी तक नहीं पहुंची बाढ़ पीड़ितों तक पूर्ण रूप से राहत राशि



**पुष्पांजली टुडे**

**दतिया//** जी हां यूं तो सिंध नदी में आई बाढ़ के चलते दतिया जिले के कि कई गांव एवं कई मोहल्ले इस बाढ़ की चपेट में आकर अपना सब कुछ खो बैठे नजर आये तो सिर्फ तबाही के निशान! इतना ही नहीं बाढ़ आपदा के समय सामाजिक संगठन हो या राजनीतिक दल या प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी सभी के द्वारा बाढ़ आपदा के दौरान मदद की बातें की गई! कई लोगों तक मदद पहुंची कई लोगों को आज भी है मदद का इंतजार! ऐसा ही मामला दतिया जिले की सेवड़ा से है जहां वार्ड क्रमांक एक में रहने वाली रुखसाना अपनी महबूब खान बड़ी पहरी के पास से जुड़ा हुआ है जिसका बाढ़ आने के चलते सब कुछ तबाह हो गया!

सर्वे हुई मुआवजे की राशि घोषित हुई लेकिन अभी तक नहीं पहुंची रुखसाना तक यह है राहत राशि ऐसा कहना है रुखसाना का! तस्वीरों के माध्यम से आप देख सकते हैं कि किस प्रकार रुखसाना एवं उसका परिवार आज भी बाढ़ में तबाह हुए टूटे-फूटे घर में रहने को मजबूर है! बच्चियों की शादी के लिए जमा किया गया सामान भी बाढ़ अपने बाहों में बहा ले गया! फिर भी शासन-प्रशासन से उम्मीद की आस लगाए हुए रुखसाना एवं परिवार कर रहा था लेकिन लगभग तीन माह बीत जाने के बाद भी राहत राशि न मिलने के चलते आखिर मीडिया के सामने बताई अपनी दास्तां!



### आशापुरा माताजी की तस्वीर स्थापना चेन्नई मे

**पुष्पाजंली टुडे**

**चेन्नई –**माधावरम मे रावत राजपूत समाज द्धारा आशापुरा माताजी की तस्वीर स्थापना पंडित शैलेश गिरीजी द्धारा मंत्रोच्चार के साथ कि गई तस्वीर स्थापना मे नवरात्रि मे भजन कीर्तन व महिलाओ द्धारा माताजी के भजनों पर डांडिया रास भी किया गया शुक्रवार को आशापुराजी के मंदिर में प्रसाद भी बनाई गई जिसमें सभी समाज के बंधुओं ने प्रसादी गृहण की इस कार्य में रावत राजपूत समाज के अध्यक्ष हेमसिंह मालावत उपाध्यक्ष हजारीसिंह धामावत सचिव मदनसिंह पंवार कोषाध्यक्ष महेन्द्रसिंह सोडावत सूचना मंत्री खेतसिंह देवावत व बालूसिंह चितावत नवयुवक मंडल अध्यक्ष गोपालसिंह डूगावत व्यवस्था मंत्री बाहदूरसिंह डूँगावत पूर्व उपाध्यक्ष पुनमसिंह पालावत सहित समाज के ब? युवा व महिलाएं ने इस कार्यक्रम मे भाग लिया।

# मतदान सामग्री वितरण व वापस जमा कराने हेतु अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
***दैनिक पुष्पांजली टुडे***
**9826576206**

**खंडवा ।** खण्डवा लोकसभा उप निर्वाचन के लिए 30 अक्टूबर को मतदान सम्पन्न होगा तथा 29 अक्टूबर को मतदान दलों को शासकीय आदर्श महाविद्यालय नहाल्दा से मतदान सामग्री वितरित की जायेगी। मतदान के पश्चात 30 अक्टूबर को ईवीएम व अन्य मतदान सामग्री स्ट्रांग रूम में जमा की जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनय द्विवेदी ने बताया कि सामग्री वितरण व जमा कराने के लिए 20-20 काउंटर बनाए जायेंगे, इन काउंटरों पर अधिकारियों को मुख्य काउंटर प्रभारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश अनुसार मांधाता विधानसभा क्षेत्र के लिए 1 से 20 तक काउंटर का प्रभारी तहसीलदार पुनासा राजेश पाटीदार को बनाया गया है। जबकि खण्डवा विधानसभा क्षेत्र के लिए 1 से 20 तक काउंटर का प्रभारी तहसीलदार खण्डवा भास्कर गाचले को तथा पंधाना विधानसभा क्षेत्र के लिए 1 से 20 तक के काउंटर के प्रभारी नायब तहसीलदार एवं प्रभारी तहसीलदार नितिन चौहान को बनाया गया है। ये अधिकारी उन्हें आवंटित




काउंटर्स के अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केन्द्रों की सम्पूर्ण मतदान सामग्री वितरण एवं संग्रहण के प्रभारी होंगे तथा वे सामग्री वितरण आरंभ होने के पूर्व तथा मतदान पश्चात उन्हें आवंटित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतिम मतदान केन्द्र का दल आने तथा सभी मतदान मशीने नियत स्ट्रांग रूम में रखने के बाद ही शासकीय आदर्श महाविद्यालय नहाल्दा से प्रस्थान करेंगे।

# कोरोना काल में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर कु माधुरी सावले को डिप्टी कलेक्टर ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**(युवा नेत्री कु माधुरी साबले कोरोना वायरस से पीड़ति गरीबों एवं वैक्सीन अभियान में निभाई थी जन सेवाभाव की अहम भूमिका)**



**बैतूल ।**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की 130 करोड़ जनता कोविड-19 की लड़ाई को लड़ रही थी पूरा देश संकट की घड़ी से गुजर रहा था भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पीड़ित परिवारों के बीच जन सेवा भाव से खड़े होकर हर संभव उनकी मदद की । मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में भाजपा की युवा नेत्री कुमारी माधुरी साबले ने अपनी टीम के कार्यकर्ताओं के साथ कोरोनावायरस से पीड़ित लोगों की जन सेवाभाव का व्रत लेकर उनकी मदद की और उनके साथ सुख और दुख में खड़ी रहे जिन्होंने अपनी अहम भूमिका के साथ लोगों को बैतूल जिले के सभी लोगों को कोविड-19 सेक्टरों पर वैक्सीन लगवाने के लिए लोगों को जागृत किया।आमजन को टीकाकरण के लिए जागृत किया और कहा की वैक्सीन ही इस महामारी को हम सब को सुरक्षित रख सकती है आप लोग भ्रमित नहीं हुई है हम सब आपके साथ खड़े हैं टीकाकरण करवाएं परिवार सहित करवाएं यह हमारी संजीवनी है ।

भाजपा नेत्री कु माधुरी साबले को कोविड-19 के संकट काल में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर रेड क्रॉस सोसाइटी बैतूल द्वारा उन्हें पदस्थ डिप्टी कलेक्टर द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया और उन्हें इस कार्य के लिए बधाई दी कुमारी माधुरी ने गरीब परिवारों के लिए जो भी झोपड़ी में रहने वाले सर्व समाज के लोगों के लिए खाद्य सामग्री से लेकर थाना के पैकेट वस्त्र और आवश्यकता चीजों को उन तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका को प्रदर्शित किया ।

### रूपावास में श्री वीर मामा जी महाराज के नाम भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया



**पुष्पांजली टुडे/नेनाराम सिरवी**

**पाली।** निकटवर्ती पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत रूपावास में श्री वीर मामाजी महाराज मंदिर प्रांगण में मामा जी महाराज के नाम धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान भजन संध्या के साथ साथ महा प्रसादी का भोग वीर मोमाजी महाराज के चरणों में अर्पित किया गया।भजन संध्या के कार्यक्रम में राजस्थान के जाने-माने लोक कलाकारों द्वारा एक से एक बढ़कर मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुति दी । हर वर्ष की भांति इस वर्ष मामा जी महाराज के नाम भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर भामाशाह दीपक जीतू पवार। सरपंच ग्राम पंचायत रूपावास सुरेश बंजारा। आजणा पटेल समाज के युवा समाजसेवी हरिभाई पटेल शेषाराम भुंण्डा राम कैलाश तुलसाराम भाटी देवेंद्र पटेल सावलराम जीवाराम खिमा राम दीपाराम मालवी सहित कई ग्रामवासी मौजूद रहे।

## वन-टू-वन

### युवक की हत्या के मामले मे आरोपी मॉ के बाद फरार इनामी बेटा भी गिरफ्तार

**भोपाल।** राजधानी के गांधी नगर थाना इलाके में स्थित बंजारा बस्ती गोंडीपुरा में एक व्यक्ति द्वारा शराब के नशे में रिश्तेदार महिला के साथ गाली गलौच करने की घटना मे एक महिला के बेटे द्वारा शराबी युवक के साथ मारपीट कर दी गई थी। घायल युवक की उपचार के दौरान मौत होने के बाद पुलिस ने आरोपी मॉ बेटे के खिलाफ हत्या का मामला दर्जकर महिला को गिरफ्तार कर लिया था, वही उसके फरार बेटे की गिरफ्तारी पर पॉच हजार का इनाम घोषित किया गया था, जिसे पुलिस ने दबोच लिया है। गांधी नगर पुलिस के अनुसार 45 वर्षीय सजनी बाई बंजारा बस्ती गांधी नगर मे रहती है, उनके घर के पास ही रिश्तेदार कमला बंजारा और उसका बेटा अजय बंजारा रहता है। चार दिन पहले सजनी का बेटा बब्लू बंजारा शराब के नशे में धुत होकर मोहल्ले में हंगामा कर रहा था। हंगामा करते हुए वह कमला के घर के बाहर पहुंच गया और गाली-गलोच करने लगा। कमला ने घर से निकलकर आरोपी का को घर जाने को कहा। लेकिन आरोपी नहीं माना और उसके साथ दुर्व्यवहार करने लगा। जिससे गुस्साया कमला का बेटा अजय घर से बाहर निकला और बब्लू के साथ मारपीट करते हुए डंडे से उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए उसके सिर में जोरदार वार कर दिए। बाद मे घायल की तबीयत अधिक बिगड़ने पर उसे इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था। बाद मे बब्लू की मौत हो गई। जिसके बाद में पुलिस ने मर्ग कायम कर जॉच के बाद हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### पीएम स्वनिधि योजनाः क्रेडिट बढ़ाने का आश्वासन भी बेअसर

**भोपाल।** कोरोना काल में लॉकडाउन की वजह से प्रभावित हुए रोजगार को गति देने के लिए सरकार ने पीएम स्वनिधि योजना की शुरुआत की है। इसके लिए हितग्राहियों को दस हजार रुपए का ऋण दिया गया है। इसका ब्याज नहीं लिए जाने की बात भी कही गई है। लेकिन अब लोग उसे लौटाने को तैयार नहीं हैं। गौरतलब है कि शुरुआती दौर में बड़ी संख्या में भोपाल शहर के साथ ही जिले के अन्य नगरीय निकायों के स्ट्रीट वेंडर्स ने योजना को लेकर रुचि दिखाई। पंजीयन का सत्यापन कराने के बाद निकायों ने दस-दस हजार रुपए का ऋण भी स्वीकृत कराया। लोगों को लगा कि कोरोना काल से उबरने में सरकार आर्थिक मदद कर रही है। बाद में कहा गया कि उक्त राशि को वापस भी करना होगा, जिसमें ब्याज नहीं लिया जाएगा। बैंकों ने शुरुआती दौर में ऋण की राशि जमा कराने के साथ ही ब्याज की राशि भी जोड़ी, जिसकी वजह से लोगों ने राशि वापस करना ही बंद कर दिया था। जानकारी के अनुसार बड़ी मुश्किल से निकायों ने लोगों को रुपए जमा कराने के लिए प्रेरित किया। बैंकों ने आश्वासन दिया था कि ब्याज की रकम उनके खाते में वापस लौटा दी जाएगी। इसका असर यह हुआ कि अब तक लोग ऋण के रूप में लिए गए दस हजार रुपए की राशि वापस करने में कतरा रहे हैं। सरकार ने उक्त राशि वापस कराने के लिए योजना में संशोधन करते हुए कहा कि जिन लोगों की ओर से राशि वापस की जाएगी उनकी क्रेडिट बढ़ाते हुए 20 हजार रुपए की जाएगी ताकि जरूरत पडने् पर वह अपना कारोबार बढ़ा सकें। सरकार का यह प्रलोभन भी काम नहीं आ रहा है और लोग राशि वापसी में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

### पीएम शेख हसीना को सता रहा तख्तापलट का डर



**ढाका।** बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना को तख्तापलट का डर सता रहा है। उन्होंने बांग्लादेश की जनता से 1975 जैसी हत्याओं, साजिशों और तख्तापलट के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया है। उन्होंने शेख रसेल के जन्मदिन के मौके पर यह कहा है। बता दें कि शेख रसेल, शेख मुजीबुर रहमान के सबसे छोटे बेटे थे, जिसकी 10 साल की उम्र में हत्या कर दी गई थी। शेख हसीना ने कहा है कि राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान ने 1974 में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक कानून बनाया था। लेकिन यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके खुद के बच्चे हत्यारों के हाथों मारे गए। हत्यारों ने 15 अगस्त 1975 को रसेल के मां-पिता, भाई और चाचा की हत्या कर दी थी क्योंकि वह अपनी मां के पास जाना चाहते थे। बच्चों को क्यों मारा गया? उनका क्या अपराध था? क्या देश को आजादी दिलाना अपराध था? हसीना ने कहा है कि हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि भविष्य में ऐसी घटना फिर कभी न हो। उन्होंने कहा है कि हम हर बच्चे को बेहतर जीवन दे सकें, इसके लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई पर विशेष फोकस करने की अपील की है। अक्टूबर 2001 के आम चुनावों की तबाही को याद करते हुए शेख हसीना ने कहा कि बीएनपी-जमात गठबंधन ने 1971 में मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी कब्जे वाले फौज की तरह नरसंहार किया था।

### तुर्की के भूमध्यसागरीय तट पर महसूस किए गए तेज भूकंप के झटके

**अंकारा।** तुर्की के भूमध्यसागरीय तट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं।तुर्की की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने इसकी जानकारी दी।तत्काल जान-माल क्षति की खबर नहीं है। तुर्की की आपदा व आपात प्रबंधन निदेशालय ने बताया कि 6.0 तीव्रता का भूकंप सुबह आठ बजकर 30 मिनट पर अंताल्या प्रांत के कास से 155 किलोमीटर की दूरी पर आया। तुर्की में अक्सर भूकंप आते रहते हैं।

# पुलिस स्मृति दिवस की फुलड्रेस एवं फायनल रिहर्सल हुई

### अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विसबल श्री कानस्कर ने किया परेड का निरीक्षण



**भोपाल।** पुलिस स्मृति दिवस परेड की फुलड्रेस एवं फायनल रिहर्सल सोमवार की सुबह यहाँ लाल परेड मैदान स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में की गई। हर साल की तरह पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन प्रदेश का मुख्य समारोह राज्यपाल महोदय मंगूभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में प्रातः काल 8 बजे लाल परेड मैदान स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में आयोजित होगा।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मिलिंद कानस्कर ने फुलड्रेस रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस स्मृति दिवस की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस के लिए हुई फुलड्रेस रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि की भूमिका प्रधान आरक्षक रामचंद्र कुशवाह ने निभाई। फायनल अभ्यास परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अभिषेक तिवारी ने किया। परेड के टू-आई-सी उप पुलिस अधीक्षक सौरभ तिवारी हैं। परेड में महिला प्लाटून विशेष सशस्त्र बल एवं जिला बल की संयुक्त टुकड़ी, विशेष सशस्त्र बल की पुरूष प्लाटून, पुलिस बैंड प्लाटून और श्वान दल की टुकड़ियाँ शामिल हैं। फुलड्रेस रिहर्सल के समय पुलिस उप महानिरीक्षक एम.एल.छारी, श्रीमती कृष्णावेणी देसावतु, कमांडेंट सातवीं वाहिनी तरूण नायक, कमांडेट 23 वीं वाहिनी मोहम्मद युसुफ कुरेशी, कमांडेट 25वीं वाहिनी श्रीमती निवेदिता नायडू एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान पुलिस बैंड द्वारा निकाली जा रही देशभक्ति के गीतों की मधुर धुन के बीच शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। आरंभ में पाल-बेयरर पार्टी द्वारा सम्मान सूची को स्मारक कोष में स्थापित किया गया और शहीद स्मारक को सलामी दी गई।

लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में 16 हजार फीट की ऊँचाई पर 21 अक्टूबर 1959 को सीआरपीएफ के जवानों की टुकड़ी, सब इन्सपेक्टर करम सिंह के नेतृत्व में गश्त कर रही थी तभी चीनी सेना के साथ मुठभेड़ में 10 जवान शहीद हो गये थे। उन्हीं की स्मृति में यह दिवस देश की समस्त पुलिस इकाईयों द्वारा मनाया जाता है। इस वर्ष मध्यप्रदेश पुलिस के 15 जवानों ने देश के लिए अपनी शहादत दी है। शहीद कर्मियों में उप निरीक्षक स्व. चंदन लाल उइके, उप निरीक्षक (अ) स्व. शरद अग्रवाल, सहायक उप निरीक्षक स्व. राजेन्द्र शर्मा, सहायक उप निरीक्षक स्व. रमेश मेहरा, सहायक उप निरीक्षक स्व. श्याम लाल डेहरिया, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक स्व. गोर्वधन सोलंकी, प्रधान आरक्षक स्व. रामप्रकाश, प्रधान आरक्षक स्व. सतेन्द्र अग्निहोत्री, प्रधान आरक्षक स्व. कलू तिवारी, प्रधान आरक्षक (रेडियो) स्व. दिनेश चंद्र शर्मा, प्रधान आरक्षक स्व. भरत लाल चौहान, आरक्षक स्व. दीपक राजुरकर, आरक्षक स्व. राज कुमार यादव, आरक्षक स्व. सुरेश मुडिया तथा आरक्षक (एमटी) स्व. राजेश कुमार राजपूत शामिल हैं।

### दो साल बाद फिर शुरू हुई स्कूलों की मान्यता की कवायद

**भोपाल।** कोरोना का असर कम होते ही स्कूल शिक्षा विभाग ने मान्यता को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। कोरोनाकाल के बाद अब फिर से स्कूलों की मान्यता की जांच करने की हो गई है। स्कूलों को मान्यता संबंधी सभी शर्तों को पूरा करना होगा। इससे पहले कोरोना में पिछले दो साल से शर्तो के आधार पर मान्यता दी जा रही थी। संभागीय स्तर पर इस संबंध में जांच कमेटी बना दी गई है। निजी स्कूल नवीन मान्यता न मिलने के कारण अगली कक्षाओं को लेकर तैयारी शुरू नहीं कर पा रहे थे। कोरोना काल को देखते हुए बिना शर्त मान्यता नवीनीकरण को अगले सत्र के लिए बढ़ाने की मांग की जा रही थी लेकिन शिक्षा विभाग ने उनकी दलील को नहीं माना और नए सिरे से मान्यता जांच करने का फैसला किया है।

# आज के युग में यूथ को संस्कार की अति आवश्यकता है



**भोपाल।** अशोका गार्डन मंदिर समिति की ओर से श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में हुआ बच्चों का अष्ट मूलगुण संस्कार। आचार्य श्री विद्यासागर जी व मुनि श्री सुधा सागर जी, मुनि श्री संभव सागर जी ससंघ के परम आशीर्वाद से छोटे छोटे बच्चों ने आज आठ मूलगुण पालन करने का नियम लिया। संस्कार की क्रियायें पंडित जयदीप जैन शास्त्री द्वारा कराई गई। शास्त्री जी ने बताया कि बच्चों ने अभक्ष्य फलों, मद्य, मांस, मधु का आजीवन त्याग किया।

उन्होंने इन पंक्तियों को मार्मिक तरह से बताते हुए कहा कि अहिंसा को विभिन्न नामों से पुकारा जाता है जैसे दया अनुकंपा ,अभयदान ,वात्सल्य ,करूणा रहम ,परोपकार और जीव रक्षण इत्यादी। उपर्युक्त शब्दों में ब्राह्म शाब्दिक दृष्टि से कुछ भेद होते हुए भी सभी का अन्तरंग समान है। सभी का भाव जीवों को कष्ट से वचाकर सुख प्रदान करना है अहिंसा धर्म का प्राण है। जैसे प्राण के विना प्राणी का जीवन नहीं ,नीव के बिना इमारत नहीं, और जड़ के बिना वृक्ष नहीं ठहर सकता वेसै ही अहिंसा, दया के बिना धर्म रूपी महल या वृक्ष नहीं ठहर सकता अतः आचार्य की ,महापुरुषों की उद्घोषपूर्ण वाणी है कि- ÷÷धर्मस्य मूलं दया, धम्मो दया विशुद्धो ÷÷÷

उन्होंने बताते हुए कहा कि दया धर्म का मूल है। धर्म दया से विशुद्ध है अतएव जहाँ अहिंसा या दया नहीं वहाँ धर्म की शुरूआत ही नहीं अहिंसा के बिना धर्म का कथन कागज पुष्प के समान धर्म शब्द की नकल मात्र है। प्रवक्ता अंकित जैन ने बताया कि संस्कार की क्रियाओं में मंदिर कमेटी,महिला मंडल,पाठशाला परिवार आदि का विशेष सहयोग रहा। आज 100 से अधिक बच्चों ने संस्कार महोत्सव में भाग लिया जिसमें बच्चों की मां पीले वस्त्र धारण करे हुए थे एवं बच्चे श्वेत वस्त्रों में पूरे विधि विधान से सम्मिलित हुए कमेटी के अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि कल दिनांक 20 अक्टूबर यानि शरद पूर्णिमा के दिन आचार्य भगवन्त श्री विद्यासागर महाराज के 75 वें जन्मोत्सव का भव्य आयोजन हम सभी के द्वारा किया जाएगा जिसमें 48 परिवारों द्वारा 48 दीपक प्रज्वलित कर भक्तांबर के 48 महाकाव्य का पाठ होगा।।

सुबह परिवारों द्वारा अभिषेक एवं विशेष मंत्रों द्वारा जगत के जिवो के कल्याण हेतु विशेष शांति धारा होगी।

## सरकारी विभागों पर भी बिजली बिल जमा करने का दबाव

**भोपाल।** कोयला संकट से जूझ रही बिजली कंपनियों की बकाया बिल राशि वसूलने की कोशिशें अब तेज हो गई हैं। ऊर्जा विभाग ने बड़े बकायेदार विभागों पर शिकंजा कसा है। विभाग के प्रमुख सचिव संजय दुबे ने संबंधित विभागों को पत्र लिखकर राशि जमा कराने को कहा है।, तो राज्य सरकार बड़े बकायादार विभागों के बजट से बिजली बिल की राशि समायोजित करने की तैयारी कर रही है। यदि विभागों ने समय से बिल नहीं चुकाया, तो बिल की राशि सीधे उनके बजट से काट ली जाएगी। बिजली कंपनियों का अकेले पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर 636 करोड़ रुपये बकाया है। इसमें से पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का 99 करोड़, मध्य क्षेत्र कंपनी का 133 करोड़ और पश्चिम क्षेत्र कंपनी का 404 करोड़ रुपये बकाया है। यह राशि ग्राम पंचायतों में सप्लाई की जा रही बिजली के बिलों की है, जो लंबे समय से नहीं चुकाई जा रही है। यह तो सिर्फ उदाहरण है। अन्य विभागों पर भी ऐसी ही भारी-भरकम राशि बकाया है। ऊर्जा विभाग संबंधित विभागों को कई बार लंबित राशि का भुगतान करने को कह चुका है, पर विभाग राशि नहीं चुका रहे हैं। इसलिए अब सीधे ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखना पड़ा। वहीं प्रमुख सचिव ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस को भी वस्तुस्थिति बता दी है। इसके बाद ही अधिक राशि का बिल लंबित रखने वाले विभागों के बजट से सीधे वसूली करने की तैयारी की जा रही है।

#### इन विभागों पर राशि बकाया

सूत्र बताते हैं कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अलावा नगरीय निकाय, पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग, जनजाति कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय आदि बड़े विभागों पर बिलों की राशि बकाया है।

#### मैदानी स्तर पर भी सख्ती

ऊर्जा विभाग ने मैदानी स्तर पर भी बिजली बिलों की राशि वसूलने में सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। विभाग ने मैदानी अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। सभी का लक्ष्य तय कर दिया है। वहीं बिजली चोरी रोकने पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

## इजरायल ने भारत के वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट को मान्यता पर भरी हामी, फिर शुरू होगी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर वार्ता

**येरुशलम।** दुनिया के अगर 200 सौ से ज्यादा देशों को देखा जाए तो भारत एकलौता ऐसा देश है, जिसके आपस में कट्टर दुश्मन माने जाने वाले इजरायल और ईरान दोनों के साथ करीबी और रणनीतिक संबंध हैं। जितना इजरायल हमारे लिए महत्व रखता है, उतना ही ईरान भी। हाल के दिनों में इजरायल भारत के ज्यादा करीब आ गया है। पिछले कुछ सालों में दोनों के बीच रक्षा सौदे भी साइन हुए हैं। भारत इजरायली हथियारों का नंबर एक खरीदार है। इसके साथ ही भारत को जब कभी इमरजेंसी बेसिस पर मिसाइल, बम या किसी और हथियार की जरूरत पड़ी, इजरायल ने हमेशा भारत का सहयोग किया। वैसे तो दोनों देश एग्रीकल्चर, बायोटेक्नोलॉजी और आईटी के फील्ड में भी साथ काम कर रहे हैं। लेकिन दोनों देशों के संबंधों का मुख्य आधार डिफेंस कॉरपोरेशन और इंटेलिजेंस शेयरिंग ही है। दोनों देशों के बीच इन्हीं संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर पांच दिन के इजरायल दौरे पर हैं। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने अपने इजरायली समकक्ष यायर लापिड से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट को पारस्परिक रूप से मान्यता देने पर सहमति व्यक्त की। इजरायल से पहले करीब 30 देश भारत के कोविड 19 वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट को आपसी सहमति के आधार पर मान्यता दे चुके हैं। भारत और इजरायल मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर अगले माह से बातचीत फिर शुरू करने पर सहमत हो गए हैं। दोनों पक्ष इस समझौते को अगले साल जून तक पूरा करने के लक्ष्य को लेकर चल रहे हैं। इस मुद्दे पर विदेश मंत्री एस जयशंकर और इजराइल के वैकल्पिक प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री याइर लापिद के बीच अत्यंत सार्थक बातचीत हुई।



# काश्मीर को सुरक्षित एवं शांत रखने हेतू वहां दो करोड़ हिन्दू को बसाया जाए

**(चीन ने शिनज्यान प्रांत के लिए ऐसा ही किया था)**

आजादी के बाद से ही भारत के जम्मू काश्मीर प्रांत को मुस्लिम आक्रांताओं ने पहले पाकिस्तानी कबायली के भेष में हमला कर लूट मार हिंसा उपद्रव खून-खराबा तोड़फोड़ बलात्कार बमबारी गोलीबारी कर हमारे जम्मू-कश्मीर के आधे हिस्से को अपने कब्जे में कर लिया। जिसे पीओके यानी पाक अधिकृत कश्मीर आज तक हम सब बोलते हैं। इसके बाद जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय करने में जवाहर लाल नेहरू की गलती से यह क्षेत्र वापस लाने के बजाय इसको संयुक्त राष्ट्र संघ का विषय बना दिया गया। आज तक हम अपने ही आधे जम्मू-कश्मीर को इसलिए नहीं वापस पा सके की नेहरु की भयंकर गलती के बाद भारत के हिस्से के जम्मू-कश्मीर राज्य पर पाकिस्तानी समर्थन करने वाले मुस्लिम समुदाय के ही मुख्यमंत्री मंत्री नेता सांसद विधायक और प्रशासनिक अधिकारी बनते चले गए। जिनमें ज्यादातर लोगों को भारत से ज्यादा प्यार पाकिस्तान से रहा है। यही कारण है की काश्मीर में सदैव भारत विरोधी और भारत विनाशक घटना कार्यक्रम होता रहा। जिसका साक्षात या परोक्ष समर्थन वहां की राज्य सरकारों और प्रतिनीधियों का मिलता रहा है। जिसमें सबसे बड़ी ताकत जम्मू-कश्मीर के अलग पहचान के नाम पर बनाए गए धारा 370 और धारा 370, भी था। आज जम्मू-कश्मीर में एक अलग ही छटपटाहट देखने को मिल रहा है। आज तक भारत के बजट , सुरक्षा, सहित तमाम छूट सहयोग का लाभ केवल? भारत विरोध और विनाश के लिए ही किया जाता रहा है। कमाल की बात है जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी संगठन और उसके नेताओं को भी सुविधा और भारी सुरक्षा आज तक के केन्द्र सरकार द्वारा मिलता रहा है। इसके बावजूद वहां के लोगों और नेताओं का भारत से घृणा सदैव सार्वजानिक रूप से दिखता रहा है। इसके पिछे मात्र एक कारण रहा है। वह है काश्मीर में बहुसंख्यक मुस्लिम आबादी का होना। अतः इसका परमानेंट उपाय अब यही है की कश्मीर में मुस्लिम आबादी से तीन गुना ज्यादा वहां हिन्दू और सिख आबादी को ले जाकर बसाया जाए। इसका सबसे बड़ा उदाहरण चीन के छठे सबसे बड़े राज्य शिनज्यांग में उइगुर मुस्लिम समाज की आबादी सबसे ज्यादा थी। तब वहां अंतराष्ट्रीय उइगुर कांग्रेस नाम का संगठन खड़ा कर उइगुर प्रांत को ही अलग उइगुर राष्ट्र की मांग को लेकर आंदोलन चीन से लेकर अमेरिका तक किया जाने लगा। उईगुर मुस्लिम समुदाय चीन से घृणा भड़कानेवाला वाले कार्यक्रम आयोजित करने लगे। चीन का यह उईगुर प्रांत बहुत सारे अपने मुस्लिम लड़ाके संगठन बनाकर हिंसा चीनी सेना और संविधान का विरोध आदि करने लगे । ऐसे में चीन की सरकार ने उईगुर प्रांत के अपने बिगड़ते हालात को नहीं संभाल पाने की स्थिति में सबसे पहले उईगुर प्रांत में चारों तरफ से उईगुर मुस्लिम समाज से बहुत ज्यादा संख्या में चीनी आदिवासीयों को ले जाकर बसाना शुरू किया। फिर वहां के हिंसा उपद्रव खून-खराबा तोड़फोड़ तांडव में बहुत कमी आ गई।

# बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हमलों के विरोध में इस्कान मुख्यालय पर 82 देशों के लोगों ने किया प्रदर्शन



**ढाका।** बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के दौरान शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। पूजा मंडपों व मंदिरों पर हुए हमलों के विरोध में जारी अल्पसंख्यक समाज के प्रदर्शन के बीच हमलावरों ने रविवार की रात रंगपुर जिले में हिंदुओं के 66 घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और करीब 20 घरों में आग लगा दी। उधर, इस्कान ने प्रधानमंत्री शेख हसीना से हमलावरों पर सख्त कार्रवाई और हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

बांग्लादेश में इस्कान मंदिर समेत हिंदू समुदाय पर हमलों के खिलाफ सोमवार को बंगाल में नदिया जिले के मायापुर स्थित इस्कान के वैश्विक मुख्यालय में हजारों भक्तों ने इकट्ठा होकर विरोध जताया। इस्कान की ओर से जारी बयान में बताया गया कि इस विरोध प्रदर्शन में 82 देशों के सात हजार से अधिक भक्तों ने हिस्सा लिया। इनमें आस्ट्रेलिया, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, अमेरिका, रूस, चीन, इटली, दक्षिण कोरिया, जापान व अन्य देशों के भक्त शामिल थे। उन्होंने बांग्लादेश सरकार से अपराधियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की अपील की। 100 से अधिक लोगों ने रंगपुर जिले के पीरगंज के एक गांव में आगजनी की। पुलिस अधीक्षक मुहम्मद कमरूजम्मां ने बताया कि एक फेसबुक पोस्ट से ईशनिंदा की अफवाह फैली थी, जिसके बाद भड़की हिंसा में हिंदुओं के 65 घर आग के हवाले कर दिए गए। इस घटना में 20 घर पूरी तरह से जल गए हैं, हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

इस मामले में पुलिस ने करीब 52 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अग्निशमन विभाग ने बताया कि पीरोगंज माझीपारा इलाके में आगजनी की रात करीब 9.45 बजे सूचना मिली और सुबह 4.10 बजे आग पर काबू पा लिया गया।

स्थानीय नेता मुहम्मद सादीकुल इस्लाम ने कहा कि हमले को जमात ए इस्लामी और उसकी छात्र इकाई इस्लामी छात्र शिबिर ने अंजाम दिया। उल्लेखनीय है कि गत दिनों कुमिल्ला इलाके में दुर्गा पूजा के एक पंडाल में ईशनिंदा की अफवाह फैलने के बाद कट्टरपंथी मुसलमानों ने देश के विभिन्न हिस्सों में पूजा पंडालों व मंदिरों पर हमला बोल दिया था।

## एफएटीएफ की बैठक आज, पाकिस्तान को पर होगा बढ़ा फैसला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के लिए गुरुवार दिन अहम होने वाला है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) 19-21 अक्टूबर के दौरान होने वाली पूर्ण बैठक में मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग पर अंकुश लगाने के पाकिस्तान के प्रयासों की समीक्षा करेगा।जून में अपनी आखिरी वर्चुअल बैठक में बहुपक्षीय निगरानी संस्था ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादी समूहों के नेताओं की पर्याप्त जांच और मुकदमा चलाने में विफल रहने पाकिस्तान को 'ग्रे लिस्ट' में रखा।साथ ही देश से मनी लॉन्ड्रिंग से निपटने के लिए एक नई कार्य योजना को लागू करने को कह दिया है।एफएटीएफ की गुरुवार को होने वाली बैठक हाइब्रिड फॉर्मेट में आयोजित होगी।ये संस्था पाकिस्तान सहित ग्रे लिस्ट में रखे गए मुल्कों पर अपना अपेडेटेड बयान जारी करेगी।ग्रे लिस्ट में शामिल सभी देशों के पास मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग से निपटने के उपायों में रणनीतिक कमियां हैं।निगरानी संस्था ने कहा, तीन दिनों तक चलने वाली बैठक में पेरिस से बैठक ज्वाइन करने वाले लोग बाकी के प्रतिनिधियों से वर्चुअली जुड़ने वाले है। ये बैठक तीन दिनों तक चलेगी और इसमें अपराध और आतंक को बढ़ाने के लिए होने वाले वित्तीय फ्लो के खिलाफ मजबूत वैश्विक कार्रवाई के प्रमुख मुद्दों को चर्चा की जाएगी। दरअसल, फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने जून 2018 में पाकिस्तान को 'ग्रे' लिस्ट में शामिल करने के बाद 27 पॉइंट का एक्शन प्लान दिया था, जो मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग पर लगाम लगाने से जुड़ा था। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) के हालिया पूर्ण अधिवेशन के अंत में जारी अधिसूचना के अनुसार, पाकिस्तान ने एफएटीएफ द्वारा प्रस्तावित 27 पॉइंट के एक्शन प्लान में कुछ काम किया है।

## नैनो न्यूज

### फाईन आर्टस कालेज में आज कार्यशाला का शुभारंभ निगमायुक्त कान्याल करेंगे



**ग्वालियर।** शासकीय ललित कला संस्थान ग्वालियर में संस्कृति संचालनालय भोपाल के तत्वावधान में अमृत महोत्सव एवं शरद पूर्णिमा के अवसर पर 20 अक्टूबर से दो दिवसीय चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल 11 बजे फाईन कार्टस कालेज अचलेश्वर चौराहे पर करेंगे। फाईन आर्टस कालेज के प्रभारी प्राचार्य एवं संयोजक मधूसूदन शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला में 15 स्थानीय कलाकार व 40 छात्र-छात्राएं अपनी तूलिका के माध्यम से कलाकृतियां निर्मित करेंगे। शर्मा ने सभी फाईन आर्टस कालेज छात्र-छात्राओं व कलाप्रेमियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### कुशवाह मौहल्ला, गुढ़ा से महिला लापता

**ग्वालियर।** शहर के कम्पू थाना क्षेत्रान्तर्गत गुढ़ा-गुढ़ी का नाका स्थित कुशवाह मौहल्ला निवासी गणेशराम कुशवाह की धर्मपत्नी अंगूरीदेवी उम्र 50 वर्ष विगत दिवस अपने घर से बिना बताए कहीं चली गईं हैं। परिजनों ने उन्हें सभी रिश्तेदारों, परिचितों व संभावित स्थलों पर तलाश किया लेकिन अभी तक उनका कोई पता नहीं चला है। कम्पू थाना में परिजनों की सूचना पर उनकी गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है लेकिन अभी तक अंगूरीदेवी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। परिजनों के अनुसार 50 वर्षीय अंगूरीदेवी का रंग गोरा, शरीर सामान्य है। वह नारंगी रंग की साड़ी एवं पैरों में चप्पल पहने हुए हैं। परिजनों एवं कम्पू पुलिस ने बताया कि जिस किसी को गुमशुदा महिला अंगूरीदेवी के बारे में कोई सुराग या पता चलता है तो कम्पू थाना अथवा कुशवाह मौहल्ला, गुढ़ा गुढ़ी का नाका स्थित गणेशराम कुशवाह के निवास पर सूचना दी जा सकती है। कुशवाह परिवार ने सूचना देने वाले को इनाम देने की भी घोषणा की है।

### सोसायटी संचालक ने पेट्रोल पंप संचालक से की 37 लाख की धोखाधड़ी

**ग्वालियर।** गृह निर्माण सहकारी संस्था के अध्यक्ष ने पेट्रोल पंप संचालक से जमीन का अनुबंध कर 37 लाख कह चपत लगा दी । सिरौल थाना पुलिस ने सहकारी संस्था के अध्यक्ष व एक अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। सराफा बाजार निवासी सजय पुत्र राजेंद्र सचेती ने पुलिस को लिखित शिकायत कर बताया कि राजेंद्र उपाध्याय निवासी सिटी सेंटर उनके परिवार से पहले से परिचित थे। आरोपित गृहनिर्माण सहकारी संस्था के अध्यक्ष थे। 2008 में आरोपित ने बताया कि अलापुर मौजा में उनकी सोसायटी को जमीन का अलाटमेंट हुई है। जमीन को केवल विकसित करना है। यह जमीन संस्था द्वारा बेची जा रही है। इस जमीन का इवेंस्ट की दृष्टि से अच्छा भविष्य है। आरोपित ने उन्हें जमीन भी दिखाई। जमीन पसंद आने पर 57 हजार वर्गफीट जमीन खरीदने का सौदा 1 करोड़ 87 लाख में किया। अनुबंध के समय 37 लाख रुपये चेक के जरिए दिए। काफी समय बीत जाने के बाद राजेद्र उपाध्याय व आत्माराम ने रजिस्ट्री नहीं की। फरियादी ने बताया कि काफी इंतजार के बाद जब संस्था ने अनुबंध के अनुसार रजिस्ट्री नहीं की तो, हम लोग पता लगाया कि आखिर जमीन की रजिस्ट्री करने में सोसायटी को क्या परेशानी आ रही है। तब उन्हें पता चला कि संस्था ने जमीन विकसित कर अन्य लोगों को बेच दी है। इस संबंध में राजेंद्र उपाध्याय से बात करने पर वह रजिस्ट्री करने से साफ मुकर गए।

# सिरोल में जमीन दिखाकर प्रॉपर्टी कारोबारी से ठगे 1.93 करोड़, टूट गया आलीशान कॉलोनी बनाने का सपना

**ग्वालियर।** ग्वालियर में हाईवे की जमीन दिखाकर कुछ लोगों ने एक प्रॉपर्टी कारोबारी को 1.93 करोड़ रुपए का चूना लगा दिया। प्रॉपर्टी कारोबारी हाइवे पर आलीशान टाउनशिप बनाना चाहता था, लेकिन जब आरोपियों ने रजिस्ट्री की डेट को बार-बार आगे बढ़ाना शुरू किया तो जानकारी करने पर पता लगा कि जमीन पहले ही किसी और को बेच दी गई है।

जब प्रॉपर्टी कारोबारी को पता चला कि आरोपियों ने जमीन किसी और को बेच दी है तो उसमें सिरोल थाने में शिकायत की। घटना वर्ष 2011 की है। पीड़ित ने कई साल रुपए मिलने के आश्वासन पर निकाल दिए। अभी 6 महीने पहले पुलिस में शिकायत की थी। वहीं पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर 7 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। स्न्ढ्ढक्र होने के बाद आरोपी गायब हो गए हैं।

### यह है पूरा मामला

पुरानी छावनी निवासी सरनाम सिंह प्रॉपर्टी कारोबारी है और उन्होंने सिरोल हाइवे के पास जमीन देखी थी। वह हाइवे पर एक आलीशान टाउनशिप बनाना चाहते थे। इस पर हुरावली निवासी गंगाराम बघेल, भोगीराम बघेल, जितेंद्र बघेल, भगवान लाल बघेल, कुशमा बाई, गुड्डी बाई और सुमन बाई उनको एक जमीन दिखाई। जमीन हाइवे किनारे थी तो उनको प्रॉपर्टी कारोबारी को पसंद आ गई। 2 बीघा जमीन का सौदा 2 करोड़ रुपए में किया था। साल 2011 में कारोबारी ने 1 करोड़ 93 लाख रुपए पहले दे दिए थे। 7 लाख रुपए रजिस्ट्री के समय देना तय हो गया।



एक साल बाद रजिस्ट्री कराना तय हुआ था। जब रजिस्ट्री कराने का समय आया तो यह लोग चक्कर लगवाते रहे, लेकिन रजिस्ट्री नहीं की। बार-बार रजिस्ट्री के लिए कहने के बाद भी यह लोग रजिस्ट्री नहीं कर रहे थे तो सरनाम सिंह को शंका हुई जिस पर वह जमीन की पड़ताल में जुट गया। तब उनको पता चला कि जिस जमीन की डील उनसे की है उसे आरोपियों ने किसी और को बेच दिया है। इसका पता चलते ही वह थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। वहीं पुलिस ने प्रॉपर्टी कारोबारी की शिकायत पर 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# ग्राम खेड़ी रायमल में मुक्तिधाम के लिए जगह आवंटित पुलिया निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

### कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम दल के साथ पहुँचे गाँव

**ग्वालियर।** जिले के डबरा विकास खण्ड के ग्राम खेड़ी रायमल में कथित रूप से नदी के पानी के बीच होकर मुक्तिधाम पहुँचने संबंधी खबर के बारे में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम ने मौके पर एसडीएम डबरा श्री प्रदीप कुमार शर्मा के नेतृत्व में राजस्व अधिकारियों की टीम भेजकर वस्तुस्थिति का पता लगाया है। इस टीम ने सोमवार को गाँव मे पहुँचकर ग्रामीणों से चर्चा की और वास्तविकता जानी। मौका मुआयना करने के बाद एसडीएम डबरा श्री प्रदीप कुमार ने बताया कि खेड़ी रायमल गाँव के लोगों की मुख्य माँग नोन नदी पर पुल-रपटा का निर्माण कराने की है,



जिससे नदी भरी होने पर भी वे उस पार स्थित अपनी जमीन पर पहुँच सकें। उन्होंने बताया खेड़ी रायमल ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामवासियों की सहमति से वर्ष-2011 में नदी पार मुक्तिधाम का निर्माण कराया गया था। नदी में पानी होने पर गाँव के समीप स्थित अस्थाई श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किए जाते हैं। अतः स्पष्ट है कि नदी भरी होने पर शव की अंतिम क्रिया के लिए नदी पार करने की कोई मजबूरी नहीं है। एसडीएम श्री प्रदीप कुमार ने बताया कि खेड़ी रायमल गाँव में एक और मुक्तिधाम का निर्माण कराने के लिए लगभग 0.21 हैक्टेयर जमीन आरक्षित कर उसका कब्जा ग्राम पंचायत को दिला दिया गया है। साथ ही जनपद पंचायत डबरा द्वारा इस जमीन पर मुक्तिधाम बनवाने की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने खेड़ी रायमल गाँव के समीप नोन नदी पर रपटा निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार कर स्वीकृति के लिए भोपाल भेजने के निर्देश कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को दिए हैं। उन्होंने इस काम को गंभीरता से और प्राथमिकता के साथ अंजाम देने की हिदायत दी है।

### वीरगाथा प्रोजेक्ट की शुरुआत 21 से

**ग्वालियर।** रक्षा मंत्रालय के प्रस्ताव पर सीबीएसई के वीरगाथा प्रोजेक्ट की शुरुआत 21 अक्टूबर से होने जा रही है ।इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को देश के वीर जवानों के बलिदान से अवगत कराया जाएगा। विद्यार्थियों को देश भक्तों पर आधारित प्रोजेक्ट तैयार करने होंगे और बोर्ड तक पहुंचाने होंगे ।इसके बाद 21 विजेताओं की घोषणा की जाएगी ।जिन्हें गणतंत्र दिवस पर पुरस्कृत किया जाएगा। इस प्रक्रिया में कक्षा 12वीं के विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे।

### मंदिर के दानपात्र के ताले तोड़कर नगदी चोरी

**ग्वालियर।** शहर के माधवगंज थाना क्षेत्र के आपागंज में स्थित राधा-किशन मंदिर के बीती रात को चोरों ने ताले तोड़ दिए और मंदिर के दानपत्र में चढ़ौत्री का पैसा चोरी कर ले गए। पुलिस ने मंदिर के पुजारी उमेश शर्मा की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। आपागंज निवासी उमेश शर्मा के घर के पास ही राधा-किशन का मंदिर है। मंदिर की देखभाल व पूजा-अर्चना की जिम्मेदारी भी इनके पास है। ह्न रात को मंदिर के पट कर ताला लगा दिया था। सुबह मंदिर के ताले टूटे मिले। मंदिर के अंदर जाकर देखा कि दानपत्र भी खुला था। और पास में ही ताला टूटा पड़ा था। दानपत्र में से चढ़ौत्री के पैसे गायब थे। मंदिर में चोरी होने की सूचना माधवगंज थाना पुलिस को दी। पुलिस पड़ताल करने के लिए मौके पर तत्काल पहुंच गई थी, लेकिन अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला पुलिस ने सोमवार की रात में दर्ज किया है।

# युवाओ ने शुरू की निःशुल्क कोचिंग क्लासिस गुरुकुल



**ग्वालियर।।** शहर में अनेक ऐसे परिवार हैं जो अपने बच्चों को आर्थिक तंगी की वजह से अच्छी शिक्षा देने में असमर्थ रहते हैं। एक तरफ संपन्न परिवार के बच्चे लगातार अच्छी स्कूलों में जाकर की शिक्षा प्राप्त करते हैं तो वहीं गरीब परिवारों मजदूरी पर जीवन जीने वाले परिवारों के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त नहीं हो पाती है। इसी परिदृश्य को देखते हुए शहर की युवाओं द्वारा निशुल्क कोचिंग क्लासेस श् गुरुकुलश् का शुभारंभ मोनी महाराज आश्रम कैंसर पहाड़ी पर किया गया है। शुभारंभ के शुभअवसर पर प्रमुख रूप से समाजसेवी व कोचिंग क्लासिस के अध्यक्ष पं कृष्णकान्त तिवारी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि युवाओं द्वारा आज एक सराहनीय पहल की शुरुआत की गई है इससे न केवल गरीब परिवारों के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त होगी बल्कि उनके उज्जवल भविष्य को बनाने के लिए एक सार्थक प्रयास होगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इस कोचिंग के माध्यम से हम सभी शहर में एक संदेश देना चाहते हैं कि जो समाज सेवी भाई बंधु है जो देश हित के काम कर रहे हैं एक कदम आगे आकर के गरीब पिछड़े परिवारों को आगे बढ़ाने का कार्य जरूर करें। निशुल्क कोचिंग क्लासेस श्गुरुकुलश् आश्रम के महंत शिवानंद जी महाराज के संरक्षण में किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक महेश गोस्वामी उर्फ मोंटू बताते हैं कि समस्त परिवार निशुल्क अपने बच्चों को यहां भेज के शिक्षा प्राप्त करा सकते हैं। यह कोचिंग प्रतिदिन सुबह 8रू00 बजे से प्रातः 10रू00 बजे तक संचालित रहेगी। रविवार के दिन उनकी बौद्धिक विकास के लिए सोशल एक्टिविटी महापुरुषों से संबंधित कार्यक्रम को संचालित किया जाएगा। बालाजी शॉर्ट एंड क्लासेस के चेयरमैन अमित असत्या बताते हैं कि युवाओं द्वारा यह जो कोचिंग का प्रारंभ किया गया है यह अभी वर्तमान में 12वीं क्लास तक के बच्चों के लिए संचालित की गई है।

# 24 घंटे में रिकॉर्ड 100 नए पॉजिटिव मिले इनमें 18 साल से कम उम्र के 38 मरीज

**ग्वालियर।** ग्वालियर में 24 घंटे में अब तक के सबसे ज्यादा 100 नए डेंगू पॉजिटिव मिले हैं। इनमें ग्वालियर से ही 69 मरीज हैं, बाकी के 31 मरीज दूसरे जिलों से हैं, जिनका इलाज ग्वालियर में चल रहा है। 38 मरीजों की उम्र 18 साल से कम है। पिछले 24 घंटे में ही 81 घरों में रखे 102 कंटेनर में डेंगू का लार्वा मिला है। नगर निगम के स्वास्थ्य अमले ने कंटेनर्स को खाली कराकर जुर्माना वसूला है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शहर में कुल 214 सैंपल की जांच में 100 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। 69 मरीज के साथ ग्वालियर में डेंगू पॉजिटिव की संख्या 805 हो गई है। पिछले साल सिर्फ 16 केस सामने आए थे।



**जहां से कोविड फैला था, वहीं से डेंगू फैल रहा:** डेंगू और कोविड में एक समानता देखने को मिल रही है। जिन वार्डों में कोरोना की दूसरी लहर में ज्यादा केस मिले थे, डेंगू के केस भी सबसे ज्यादा वहीं मिल रहे हैं।

**हर दिन बढ़ रहे मरीज, अस्पतालों में नहीं बेड:** जय आरोग्य अस्पताल में हर दिन 2200 से 2400 मरीज हर दिन आ रहे हैं। इनमें ज्यादातर वायरल से पीड़ित मरीज हैं। इनमें से 200 से ज्यादा डेंगू संदिग्ध होते हैं।

**डेंगू पॉजिटिव का रेशियो बढ़ता जा रहा:** ऐसा भी माना जा रहा है कि डेंगू संदिग्ध और डेंगू पॉजिटिव आने का रेशियो लगातार बढ़ता जा रहा है। इसे ऐसे समझिए- पहले 100 जांच सैंपल में से 25 और 30 डेंगू पॉजिटिव मिल रहे थे, लेकिन अब 100 जांच सैंपल में से 50 से 60 डेंगू के मरीज मिल रहे हैं। यही कारण है कि तेजी से डेंगू फैल रहा है और आंकड़ा 800 के पार हो गया है।

### क्षेत्रीय विधायक एवं सांसद की मूक सहमति से जलाए गए सौ सांसदों के पुतले और अब जलाए जा रहे हैं केंद्रीय मंत्रियों के पुतले



**ग्वालियर।** संकट मोचन हनुमान बालाजी मंदिर गोल पाड़ा के सेवकों के द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन के तहत पांचवें केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे उपभोक्ता मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री का पुतला मंगलवार शाम 7~30 बजे फूंका गया यह आंदोलन सीजर डिलीवरी के विरोध में एवं सामान्य प्रसव सुनिश्चित कराने के लिए जनवरी माह से चलाया जा रहा है शहर के जनप्रतिनिधियों सहित भारत के सभी 543 सांसदों को ज्ञापन देने के बाद पुतला जलाने का सिलसिला 19 जून से शुरू किया गया जो अब तक जारी है शासन प्रशासन को पूरी तरह से इसकी जानकारी है प्रदेश में ब केंद्र में भाजपा की सरकार है क्षेत्रीय विधायक एवं सांसद भाजपा के हैं फिर यह पुतले कैसे फूंक जा रहे हैं यह समझ से परे है एवं जन चर्चा है के निश्चित रूप से इसमें क्षेत्रीय विधायक एवं सांसद की मूक सहमति है आज पुतला जलाने वालों में मुख्य रूप से चरण सेवक जगबीर दास तोमर संजय जैन किशन सिंह तोमर सुरेश कुमार गोयल विजेंद्र कुमार वर्मा राहुल महेश्वरी श्याम कुमार शर्मा अरुण तिवारी चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव पुष्पेंद्र श्रीवास्तव अंकित अग्रवाल मोंटी तोमर आदि उपस्थित रहे।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी: शहर में निकले जुलूस, सड़कों पर युवाओं ने हैंडमेड नकली बंदूक

### रॉकेट लॉन्चर से पटाखे किए फायर, लगा असली गन चला रहे हैं

**ग्वालियर।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का यौमे विलादत (जन्मदिन) जश्ने ईद मिलादुन्नबी मंगलवार को मनाया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से कौमी सद्भावना जुलूस निकाले गए और जलसों के आयोजन किए गए। इस मौके को खास बनाने के लिए मस्जिदों में भी तैयारी की गई थी। पर सबसे ज्यादा आकर्षक सड़कों पर निकलने वाले जुलूस रहे हैं। कोविड के चलते जुलूस की इजाजत तो नहीं थी, लेकिन निकाले गए। पुलिस लगातार निगरानी कर रही थी। बाड़ा से दौलतगंज होते हुए फूलबाग आ रहे एक जुलूस में आगे चल रहे युवा हाथ में हैंड मेड लोहे की बनी पटाखा गन लिए थे। जिनसे लगातार पटाखे फायर करते हुए नजर आए। जब पटाखे चलाए जा रहे थे तो लग रहा था जैसे असली बंदूक चला रहे हों।

ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मंगलवार को सुबह से भव्य जुलूस निकाले गए। शहर के अलग-अलग 12 क्षेत्रों से जुलूस बाजारों में होते हुए फूलबाग मोती मस्जिद पहुंचे हैं। निकाले गए जुलूस का भव्य स्वागत कर अन्य समुदाय के लोगों ने कौमी एकता एवं सद्भावना की मिसाल पेश की। हालांकि शहर के अलग-अलग इलाकों से निकाले गए जुलूस में दोपाहिया वाहन पर प्रशासन ने प्रतिबंध लगाया था। हालांकि कुछ जुलूस में इक्का-दुक्का दो पहिया वाहन देखे गए। ज्यादातर जुलूस में लोग पैदल ही नजर आए। लगातार पुलिस भी जुलूस के रास्तों पर मुश्तैद दिखाई दी है।



**12 इलाकों से निकले जुलूस:** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मंगलवार सुबह मुस्लिम समुदाय के लोग इबादतगाहों में पहुंचे, जहां नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी और गाजे-बाजों के साथ पैगंबर साहब का जन्मदिन मनाते आवड़पुरा, गुडगुड़ी का नाका, हेम सिंह की परेड, मामा का बाजार,आपागंज, कम्पू ईदगाह,जलाल खां की गोठ, शंकरपुर,मेवाती मोहल्ला सागरताल, उस्मानी मस्जिद गोल,मेवाती मोहल्ला बहोड़ापुर, नाका चंद्रवदनी गली नं. 1 इलाकों से जुलूस महाराज बाड़ा होते हुए फूलबाग मोती मस्जिद पहुंचे।



ईद मिलादुन्नबी के मौके पर युवाओं के साथ-साथ बच्चों, बुजुर्गों में उत्साह देखने को मिला। बैंड व डीजे से सलामी के साथ जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से शुरू हुए जो मोती मस्जिद पहुंचे जहां तकरीर हुई।

**जगह-जगह लगा जाम:** शहर में यातायात व्यवस्था दुरुस्त बनी रहे और इसके लिए पुलिस ने बीते रोज ही होमवर्क कर लिया था। ट्रैफिक पुलिस ने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मंगलवार को कई मार्गों को वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग करते हुए वाहनों को निकाला लेकिन इसके बाद भी यातायात व्यवस्था जुलूसों के चलते पूरी तरह से चरमरा गई।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478